हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025



# एमएमसी में नम्रता, केसीजी में प्रियंका और नांदगांव में किरण के नाम आगे

## जिला पंचायत में अध्यक्ष बनाने को लेकर अब भाजपा में मंथन, तीनों जिले महिला आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में तीसरे चरण का मतदान निपटने के बाद अविभाजित जिले की तीन जिला पंचायतों की तस्वीर सामने आ गई है। राजनांदगांव, एमएमसी और केसीजी जिले में भाजपा को मिले स्पष्ट बहुमत के बाद अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर संगठन स्तर पर लाबिंग तेज हो गई है। यही नहीं अविभाजित जिले की अधिकांश जनपद पंचायतों में भी भाजपा के काबिज होने के चलते अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर समीकरण तैयार किए जा रहे हैं। नगरीय निकाय के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भी कांग्रेस का सुपड़ा साफ होने से भाजपा में उत्साह की स्थिति निर्मित है। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में मतदाताआ ने गांव की सरकार के लिए भाजपा को स्पष्ट बहुमत दे दिया है। कहीं भी निर्दलीय के भरोसे सरकार बनाने की जरूरत नहीं होगी। यही कारण है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर भाजपा नेताओं ने लाबिंग तेज कर दी है।

बताया जाता है कि तीनों जिलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद को लेकर भाजपा में ज्यादा घमासान की स्थिति निर्मित नहीं है। तीनों जिलों की सीटें महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के चलते भाजपा ने मतदान निपटने के साथ ही नाम लगभग तय कर लिए हैं। हालांकि संगठन स्तर पर शीघ्र ही पर्यवेक्षक भेजकर इन नामों की विधिवत घोषणा की जाएगी।

### एमएमसी में नम्रता, केसीजी में प्रियंका




मोहला-मानपुर-चौकी जिले की पहली जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह का नाम टॉप में है। कांग्रेस के गढ़ में सर्वाधिक वोटो से जीतने वाली नम्रता पिछले लंबे समय से भाजपा से जुड़ी हुई है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान- गंडई जिले में प्रियंका खम्मन ताम्रकार के नाम पर सर्वानुमति बनने की स्थिति है। प्रियंका ने दूसरी बार यह सीट जीती है। यही कारण है कि सीनियर होने के कारण प्रियंका का नाम लगभग फाईनल माना जा रहा है।

### नांदगांव में अध्यक्ष के लिए किरण



राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष का पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है। यहां किरण रविन्द्र वैष्णव का मजबूत दावा सामने आया है। किरण छुरिया की जनपद अध्यक्ष पद पर रह चुकी है। वहीं उनके पति रविन्द्र वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। वहीं इस पद के लिए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू की दावेदारी भी सामने आई है। वे पहले डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष रह चुकी है। वहीं दो बार जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु का नाम भी सामने आ रहा है।

### उपाध्यक्ष के लिए नाम लगभग फाईनल




अध्यक्ष के साथ-साथ अविभाजित जिले की तीन जिला पंचायतों में उपाध्यक्ष पद को लेकर भी नाम सामने आने लगे हैं। राजनांदगांव जिला पंचायत के लिए प्रशांत कोडापे, केसीजी जिले में विक्रांत सिंह और एमएमसी जिले में भोजेश शाह मंडावी का नाम फाईनल हो सकता है।

## निकाय के बाद पंचायत में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ, महज मानपुर जनपद में ही भाजपा से जीत पाए

# ग्रामीण चुनाव में कमल का कमाल: तीनों जिलों में जिपं जीते, 9 में आठ जनपद पंचायत में भी कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तीनों चरण का मतदान और मतगणना प्रक्रिया पूरी हो गई है। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिलों की जिला पंचायत पर भाजपा का कब्जा हो गया है। इन तीनों ही जिलों में भाजपा ने तय सीटों से अधिक जीतकर अपना अध्यक्ष पद सुनिश्चित कर लिया है।

वहीं 9 जनपद पंचायत में से केवल मानपुर में ही कांग्रेस को लीड मिली है, शेष आठ जनपद पंचायत राजनांदगांव, छुरिया, डोंगरगांव, मोहला, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ और छुईखदान में भाजपा के अधिक सदस्य जीतने से उनका अध्यक्ष बनना तय हो गया है। डोंगरगढ़ में भी भाजपा निर्दलियों के सहारे अपना अध्यक्ष बना लेगी।

वहीं पंच-सरपंच पदों को लेकर हुए मतदान में भी बड़ी संख्या में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत मिली है। संभवतः यह पहली दफा होगा, जब शहरी के साथ ही ग्रामीण चुनाव में भी भाजपा ने इतना शानदार प्रदर्शन किया हो। वहीं कांग्रेस न केवल नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ी, बल्कि ग्रामीण चुनाव में भी कांग्रेस पांच विधायक होने के बावजूद अपनी जमीन नहीं बचा पाई। स्थिति यह रही कि कांग्रेस से बागी होकर लड़ने वाले चार नेताओं को जिला पंचायत में जीत हासिल हुई। जबकि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे महज चार ही चुनाव जीत पाए। ज्ञात हो कि अविभाजित जिले की 33 जिला पंचायत, दो सौ जनपद सदस्य, 810 ग्राम पंचायतों में सरपंच और 11267 पंच पदो को लेकर चुनाव कराया गया था।



जागृति यदु | किरण साहू | प्रशांत कोड़ापे | अनिता मंडावी | विभा साहू | महेन्द्र यादव | नेहरू रजक | सविता सोरी | शांतिबाई त्रिपुरे | सिसेश्वरी ध्रुव

### हाईप्रोफाइल जिले में कांग्रेस जीरो

चुनाव में कांग्रेस की सबसे खराब स्थिति जिले में सामने आई है। तीन विधायकों के गढ़ में कांग्रेस को एक भी सीट हासिल नहीं हुई है। यहां कांग्रेस से बागी होकर लड़ रहे तीन निर्दलीय जीते हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन के दौरे के बाद भी हार का सामना करना पड़ा।

### खास बातें

- कांग्रेस के कई दिग्गज भी जिपं चुनाव में हारे
- नांदगांव जिले में एक भी अधिकृत प्रत्याशी को नहीं मिली जीत
- सिर्फ 3 जिपं जीते



### जनपद में यह रहा हाल

| जनपद | कुल | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| राजनांदगांव | 25 | 16 | 9 | |
| छुरिया | 25 | 15 | 10 | |
| डोंगरगांव | 20 | 12 | 06 | 02 |
| डोंगरगढ़ | 25 | 14 | 11 | |
| मोहला | 15 | 8 | 7 | |
| मानपुर | 15 | 6 | 6 | 3 |
| अं. चौकी | 15 | 8 | 7 | |
| छुईखदान | 25 | 16 | 9 | |
| खैरागढ़ | 25 | 16 | 9 | |

### महिलाओं के हाथों में कमान

राजनांदगांव जिले में 13 जिपं सीटों में से 8 में महिलाएं, चार जनपद अध्यक्ष में सभी महिलाएं एवं 408 ग्राम पंचायतों में से 221 महिलाओं के लिए आरक्षित है। मोहला-मानपुर जिले में 10 जिपं सीटों में से छह महिलाएं, तीन जनपद अध्यक्ष में से दो महिलाएं एवं 185 सरपंच में से 94 महिलाएं आरक्षित है। खैरागढ़ जिले में 10 जिपं सीटों में से छह महिलाएं, दो जनपद अध्यक्ष में से एक महिला एवं 221 सरपंच में से 114 महिलाओं के लिए आरक्षित है। ऐसे में अब ग्रामीण सरकार में महिलाओं का दबदबा देखने को मिलेगा।

### 35 दिनों में तय हुई ग्रामीण सरकार

ज्ञात हो नगरीय निकाय के साथ ही त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी 20 जनवरी को चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई थी। महज 35 दिनों के भीतर ग्रामीण सरकार चुनने का काम पूरा हो गया। राजनांदगांव जिले में 13 जिला पंचायत, 95 जनपद सदस्य, 404 सरपंच के साथ ही 5590 पंच पदों को लेकर चुनाव कराए गए। इसी तरह खैरागढ़ जिले की 10 जिला पंचायत, 50 जनपद सदस्य, 221 सरपंच और 2902 पंच पदों पर चुनाव हुए। मोहला-मानपुर जिले में 10 जिला पंचायत, 45 जनपद सदस्य, 185 सरपंच और 2775 पंच पदों को लेकर चुनाव कराए गए।

### नांदगांव में 10 भाजपा, तीन निर्दलीय

राजनांदगांव जिले की 13 जिला पंचायत सीटों में 10 सीट पर भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई है। जबकि शेष तीन सीटों पर कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नेताओं ने चुनाव जीते हैं। भाजपा से जीतने वालों में पटेवा से किरण विनोद बारले, सिंघोला से देवकुमारी साहू, आसरा से जागृति चुन्नी यदु, बेलगांव से किरण साहू, राका से प्रशांत कोडापे, बोरतलाव से अनिता मंडावी, बम्हनी चारभाठा से बिरम मंडावी, गैंदाटोला से किरण रविंद्र वैष्णव और कुमर्दा से गोपाल सिंह भुआर्य ने जीत हासिल की है। लिटिया से भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ने वाली शीला टाकेश सिन्हा ने चुनाव जीता। वहीं कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय लड़ने वाले नेताओं में टेड़ेसरा से अंगेश्वर देशमुख, तुमड़ीबोड़ से महेंद्र यादव और अर्जुनी से विमल साहू विभा ने चुनाव जीते हैं।

### खैरागढ़ में 6 भाजपा, 1 कांग्रेस व 3 निर्दलीय

खैरागढ़ जिले की 10 जिला पंचायत सीटों में 6 में भाजपा ने जीत दर्ज की है। इनमें कटंगी से प्रियंका खम्मन ताम्रकार, भुरभुसी से विक्रांत सिंह, उदयपुर से ललित चोपड़ा, पांडादाह से दिनेश वर्मा, ठेलकाडीह से भुनेश्वरी देवांगन, बाजार अतरिया से जमुना कुर्रे को जीत मिली है। वहीं कांग्रेस केवल एक सीट पैलीमेटा जीत पाई, यहां से निर्मला विजय वर्मा विजयी हुई। वहीं तीन सीट पर निर्दलीय ने चुनाव जीता। इनमें साल्हेवारा से हेमलता मंडावी, मुढ़ीपार से आसरा राजु साहू और जालबांधा से शताक्षी सिंह शामिल हैं।

### वनांचल में भी भाजपा को 8 में जीत

एमएमसी जिले की 10 जिला पंचायत सीट में 8 पर भाजपा प्रत्याशियों को जीत मिली है। इनमें औंधी से भोजेश शाह, खड़गांव से रेखा कोठारी, वासड़ी से नरसिंह भंडारी, मोहला से नम्रता सिंह, गोटाटोला से लखन कलामे, चिल्हाटी से शांति त्रिपुरे, बांधाबाजार से नेहरू रजक, कौड़ीकसा से सविता सोरी। वहीं कांग्रेस के खाते में दो सीट आमाटोला शेषवरी धुर्वे और मानपुर से सुशीला भंडारी जीती है।

# अर्धनारीश्वर शिवलिंग मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 30 किलोमीटर दूर ग्राम इरईकला स्थित अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जिले के इस अनोखे मंदिर में दो हिस्सों में शिवलिंग स्थापित है, जिसे माता पार्वती और भगवान शिव के रूप में पूजा जाता है।

इरईकला निवासियों की मान्यताओं के अनुसार यह शिवलिंग द्वापर युग का है, जो धरती से प्रकट हुआ है। गांव के लोगों का मानना है कि शिवलिंग में माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ का वास है, इसलिए इस मंदिर को अर्धनारीश्वर शिवलिंग के रूप में जाना जाता है। गांव के विनोद साहू और ललित साहू ने बताया कि गांव में किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत इसी मंदिर से होती है। वहीं उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां शिवलिंग का महाअभिषेक होता है और दिनभर पूजा-अर्चना का दौर जारी रहता है। मान्यताओं के अनुसार इस अर्धनारीश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस वजह से इस अनोखे मंदिर की काफी मानता और पौराणिक किस्से है।

### रूद्राभिषेक भी होगा

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत आज यहां कलश शोभायात्रा निकाली गई। वहीं 25 फरवरी को भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी शोभायात्रा गांव में भ्रमण करेगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर अर्धनारीश्वर मंदिर में रूद्राभिषेक और भंडारा महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

### दो हिस्सों में शिवलिंग

महाशिवरात्रि के अवसर पर इरईकला के इस अर्धनारीश्वर शिवलिंग मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस अर्धनारीश्वर शिवलिंग में बीच से एक पतली दरार है, जो शिवलिंग को दो हिस्सों में बांटती है। वहीं शिवलिंग का रंग भी दोनों हिस्सों में अलग-अलग नजर आता है।

# नोटिस का जवाब देने नशे में पहुंचा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- बीईओ ने की त्वरित कार्रवाई

नोटिस का जवाब देने शराब के नशे में धुत्त होकर शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला पहुंचा। नशे में गुरूजी के इस आचरण को देख ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी ने डॉक्टरी मुलायजा कराते शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित किया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हली में पदस्थ शिक्षक पूरनलाल कंवर 8, 11 और 13 फरवरी को बिना सूचना अनुपस्थित था। जिसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला ने नोटिस जारी किया था। इस नोटिस का जवाब देने शराब के नशे में धुत होकर शिक्षक कार्यालय उपस्थित हुआ। शिक्षकीय गरिमा के प्रतिकूल व्यवहार करने वाले इस शिक्षक के ऊपर त्वरित कार्रवाई करते विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन ने उक्त शिक्षक का डॉक्टरी मुलायजा कराया। जिसमें पाया गया कि शिक्षक नशे में धुत है।

### कार्यालय ने जारी की चेतावनी

शराब के नशे में स्कूल पहुंचने वाले व कार्यालय के कार्य में दखल अंदाजी करने वाले कतिपय शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए चेतावनी जारी की गई है। शिक्षा विभाग में स्पष्ट निर्देश दिया है कि शिक्षकों के किसी भी प्रकार कि लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला के प्रतिवेदन के आधार पर पूर्व में भी कई शराबी शिक्षकों के ऊपर कठोर कार्रवाई हो चुकी है।

### शिक्षक को भेजा अस्पताल

नोटिस का जवाब देने नशे की हालात में कार्यालय पहुंचे शिक्षक के खिलाफ एक्शन लेते विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र देवांगन ने डायल 112 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाते डॉक्टरी जांच कराया। जिसमें पुष्टि हुई कि शिक्षक नशे की हालत में है।

### प्रस्तुत किया प्रतिवेदन

शराबी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च स्तर पर विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जल्द ही उक्त शिक्षक के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


**-राजेंद्र देवांगन,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मोहला

# ओवरब्रिज पर रॉग साइड चल रहे चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली ओवरब्रिज पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पाइप का अस्थाई पिलहर लगाकर मार्ग को विभाजित किया गया है। जिससे ओवरब्रिज पर होने वाली दुर्घटनाएं रूकी हुई है, लेकिन इस व्यवस्था को दोपहिया वाहन चालक बिगाड़ रहे हैं। मार्ग विभाजक को तोड़कर रॉग साइड से बाइक सवार ओवरटेक कर रहे हैं। जिससे एक बार फिर दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।

शहर के स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग पर सुस्त गति से चल रहे अंडरब्रिज निर्माण कार्य के चलते चिखली ओवरब्रिज पर यातायात का काफी दबाव बना हुआ है। यहां प्रतिमाह एक व्यक्ति की जान सड़क दुर्घटना में जा रही थी। वहीं महीनेभर में ही छोटी-बड़ी कई दुर्घटनाएं हो रही थी, जिसे देखते हुए पुलिस विभाग द्वारा ओवरब्रिज को दो हिस्सों में आवागमन के लिए बांटने मार्ग विभाजित किया गया है, लेकिन इस व्यवस्था को तेज रफ्तार दोपहिया वाहन चालक बिगाड़ रहे हैं और ओवरटेक कर रॉग साइड से अपनी दोपहिया वाहन चला रहे हैं।



**व्यवस्था स्थाई बनाने की मांग :** ओवरब्रिज पर यातायात के जवान नहीं होने के चलते रॉग साइड वाहन चलाने वाले बाइकर्स काफी तेज गति में वाहन चला रहे हैं। वही ओवरब्रिज पर यह व्यवस्था स्थाई बनाने की मांग भी पटरी पार क्षेत्र के लोगों द्वारा की जा रही है।

### डिवाइडर तोड़कर रॉग साइड

पुलिस विभाग द्वारा ओवरब्रिज पर अस्थाई रूप से क्रांकीट के पिल्हर में लोहे की पाइप लगाकर मार्ग विभाजित किया गया है और इसके बीच प्लास्टिक की पट्टियां लगाई गई है, जिसे तोड़कर बाइक सवार रॉग साइड से वाहन चला रहे हैं।

### कतार में चल रहे वाहन

पुलिस विभाग द्वारा बनाई गई इस व्यवस्था के तहत ओवरब्रिज पर वाहनों की रफ्तार धीमी हुई है। वाहन कतारबद्ध होकर चल रहे हैं। वहीं घंटों लगने वाली जाम की स्थिति भी निर्मित नहीं हो रही है, लेकिन हाथ ठेला चालकों के पहुंचने पर पीछे वाहनों की लंबी कतारें रहती है और वाहन काफी धीमी गति से चलाना पड़ता है। जिसके चलते बाइक सवार रॉग साइड से अपने दो पहिया वाहन ले जा रहे हैं।

## एक मार्च से शुरू होगी बोर्ड परीक्षाएं, जिले में बनाए गए 88 परीक्षा केंद्र

# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए पहुंची सामग्री, आज वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च एवं हाईस्कूल परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे के मध्य आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु जिले में 88 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन करने हेतु बीते 15 फरवरी को शहर के डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा समस्त परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों की कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से बोर्ड के निर्देशों की विस्तृत जानकारी साझा कर परीक्षा की गोपनीयता व गंभीरता को समझाया गया। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल द्वारा परीक्षा संचालन करने केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।




### हेल्प डेस्क की स्थापना

बोर्ड परीक्षा हेतु कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क जिला कार्यालय में स्थापित किया गया है। विद्यार्थी विषय से संबंधित समाधान के लिए एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं/तनाव व अन्य समस्या होने पर संपर्क कर सकते हैं।

### निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल का गठन

जिले में परीक्षा के दौरान नकल रोकने, सतत निगरानी करने हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा। साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर दल गठन कर परीक्षा केन्द्रों में सतत निरीक्षण करने निर्देशित किया गया है।

### थानों में जमा होंगे प्रश्नपत्र

मंडल के निर्देशानुसार प्रश्न पत्र सामग्री लाने हेतु 22 फरवरी को मनोज चौहान परीक्षा नोडल को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। प्रश्न पत्र 25 फरवरी मंगलवार को स्टेट स्कूल से केन्द्राध्यक्षों को वितरित किया जाएगा और प्रश्न पत्रों को सील्ड पैकेट परीक्षा केन्द्रों के निकटतम पुलिस थाना व चौकी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। जिसके लिए 12 पुलिस थानों का चयन किया गया है।

### पांचवीं-आठवीं की परीक्षा 3 अप्रैल से

राज्य शासन द्वारा कक्षा 5वीं एवं 8वीं हेतु एकीकृत परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रैल तक चलेगी। जिसमें परीक्षा का समय सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। वहीं प्रश्नपत्र का निर्माण राज्य शासन द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के आधार पर जिला स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा में नकल रोकने जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चुनाव में योजनाओं का लाभ

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष बिरेन्द्र सोनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना सहित अन्य को जनता को ध्यान में रखकर तैयार किया है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना, महिलाओं के वरदान है। अन्य योजनाओं का लाभ भी जनता को मिल रहा है जिसका असर निकाय और पंचायत चुनाव में देखने मिला। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के कार्यकाल में एक रूपये किलो में चांवल, संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्मार्ट कार्ड, गर्भवती माताओ को पौष्टिक आहार और किसानो को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने की शुरूवात की गई थी। उन्होंने विभिन्न योजनाओं को शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

### आंध्र समाज के तीन पार्षद निर्वाचित






**डोंगरगढ़।** निकाय चुनाव में आंध्र समाज के तीन पार्षद निर्वाचित हुए है। पालिका के वार्ड 3 से विनायक राव, वार्ड 4 से डी एकेस राव, वार्ड 11 से उमा महेश वर्मा की जीत हासिल किया है। उनकी जीत से तेलुगू समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के अध्यक्ष संतोष राव, एम नागेश राव, बी शंकर राव, गोविंद राव, कृपा राव, नागेंद्र राव, गोपाल कृष्ण राव, गोपी, सूर्य राव, रामना मूर्ति, तिरुपति राव, सुनील भंडाराम, दीपक राव, सीबी राव, सुधाकर राव, श्रीनिवास राव, बाबू भैया, बाबूराव, दुर्गा राव, पीतांबर स्वामी, श्रीनिवास राव, बीएस राजू, सत्यम स्वामी, नारायण मूर्ति, एन नागेश राव, रामू राव, संतोष राजपूत, वासु रेड्डी, चंद्र रेड्डी, वारा प्रसाद, गिरी रेड्डी, गुलशन स्वामी आदि ने निर्वाचित पार्षदों को बधाई दी है।

### निधन

#### राजू मंडावी

**टाटेकसा।** घोरतलाव निवासी राजू मंडावी का रविवार रात्रि को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा छोड़ गए है। स्व. मंडावी सीएनआई संवाददाता थे। उनका अंतिम यात्रा संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, मित्र एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न, गांव-गांव में मना जश्न

# नतीजे आते ही झूमे विजेता और समर्थक







- विजेताओं को मिला निर्वाचन प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

मतदान के पश्चात 22 फरवरी को सारणीकरण कर नवनिर्वाचित 25 जनपद सदस्यों को रिटर्निंग अधिकारी विजय कोठारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी होरीलाल साहू एवं नायब तहसीलदार विजय साहू ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 1 रानीतलाव से रेखाबाई गंधर्व, क्षेत्र क्रमांक 2 रंगीटोला से चुनिया थानसिंह कंवर, क्षेत्र क्रमांक 3 मगरघोखरा से उत्तराबाई निषाद, क्षेत्र क्रमांक 4 तेलीनबांधा पलनी स्वामी नायडू, क्षेत्र क्रमांक 5 पंडरापानी से सुनीता सेवता, क्षेत्र क्रमांक 6 भर्रीटोला आंको से राधिकाबाई चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 7 भर्रीटोला पैरी से उभेराम मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 8 घोघरे से सीमा यादव, क्षेत्र 9 बिटाल से भेषबाई साहू, क्षेत्र 10 पुर्रामटोला से प्रकाशचंद मोटघरे, क्षेत्र 11 बैरागीभेडी से चंद्रिका लेखचंद वर्मा, क्षेत्र 12 केशोटोला से भानबाई मंडावी, क्षेत्र 13 बूचटोला से प्रशांत कुमार ठाकुर, क्षेत्र 14 कुहीकला से संजय कुमार सिन्हा, क्षेत्र 15 जयसिंगटोला से हेमिन विष्णु साहू, क्षेत्र 16 कोलिहलमती से बालमुकुंद कुंजाम, क्षेत्र 17 पठानढोड़गी से डॉ. ओमप्रकाश चंद्रवंशी, क्षेत्र 18 सोमाझिटिया से भारतीय देवांगन, क्षेत्र 19 अछोली से एकांत चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 20 सागर से पिंकीदेव पंद्रो, क्षेत्र 21 भंडारीभरदा से लक्ष्मीबाई मंडावी, क्षेत्र 22 पांगरीखुर्द से अंजलि रामगुलाल घावड़े, क्षेत्र 23 तुर्रेगढ से हरिलाबाई, क्षेत्र 24 परेवाडीह से जैमुनबाई कंवर और क्षेत्र क्रमांक 25 अरजकुंड से चैतीबाई राधेलाल जोशी सदस्य निर्वाचित हुई है।

## मनीष की वापसी, मंडल अध्यक्ष परास्त







**डोंगरगांव।** ब्लाक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। मतदान के बाद बूथों में ही मतगणना किया गया किन्तु परिणाम की अधिकृत घोषणा कल मंगलवार को जनपद पंचायत में की जाएगी। जिला पंचायत, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए हुए चुनाव का परिणाम सामने आने के बाद विजेताओं के समर्थको में ख़ुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने देर रात तक गांव में जश्न मनाया।

जानकारी के अनुसार स्थानीय जनपद पंचायत के 20 निर्वाचन क्षेत्र में 75 उम्मीदवार थे। निवर्तमान कार्यकारिणी का हिस्सा रहे मनीष साहू दोबारा जीतने में सफल हुए हैं। वहीं तुमड़ीबोड़ मंडल भाजपा के पहले अध्यक्ष जागेश्वर यादव को पराजय का सामना करना पड़ा है। अगली कार्यकारिणी में अब तक सरपंच रहे कुछ जनपद सदस्य के रूप में नजर आएंगे।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के क्षेत्र क्र. 1 बांकल से पार्वती सूर्यवंशी, क्षेत्र 2 तुमड़ीबोड़ सरिता मदन साहू, क्षेत्र 3 कोहका ढाबा से जया तिमेश साहू, क्षेत्र 4 घोरदा से उमेश कुमार साहू, क्षेत्र 5 मचानपार से दौवा नारंग, क्षेत्र 6 मारगांव से कुमानसिंह नेताम, क्षेत्र 7 दीवानभेड़ी से ममता पटेल, क्षेत्र 8 मनेरी से विवेक मंडावी, क्षेत्र 9 आरी से शोभना लिलेश पटेल, क्षेत्र 10 माथलडबरी से हरिला साहू, क्षेत्र 11 खुज्जी से रवि साहू, क्षेत्र 12 खुर्सीपार गेंदाबाई सेवक साहू, क्षेत्र 13 रुदगांव से दीपकबाई पटेल, क्षेत्र 14 अर्जुनी से रेशमलाल साहू, क्षेत्र15 रामपुर से मनीष साहू, क्षेत्र 16 मोखली से रेशमा साहू, क्षेत्र 17 करमतरा से टुमन लाल साहू, क्षेत्र 18 कोकपुर रंजीता पडौती, क्षेत्र 19 तिलईरवार से कांतिबाई कंवर और क्षेत्र क्र. 20 आसरा से अनिता पंचारी के जीतने की खबर है।

### किसकी खुलेगी लाटरी

रिटर्निंग आफिसर पीएन नाग ने बताया कि जनपद सदस्य, सरपंच और पंच के लिए हुए चुनाव के परिणाम कल मंगलवार को जनपद पंचायत में घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ब्लाक के पंच के 17 पद ऐसे है जिन्हे बराबर मत मिले है। परिणाम के टाई होने के बाद कल लाटरी निकालकर परिणाम घोषित किया जाएगा।

# शिवरात्र मेला बुधवार से



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

चोड़राधाम में बुधवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला महोत्सव को लेकर संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुसरो को निर्देशन में जय डोगेंश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आहुत किया गया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष आनंद पटेल, सचिव गणेश राम वर्मा आदि शामिल हुए। बैठक में महाशिवरात्रि मेला के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष श्रीपटेल ने बताया कि चोड़राधाम का शिवरात्रि मेला काफी प्राचीन है। बीते एक दशक से प्रशासन के सहयोग से इसे महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के मौके पर हजारों भक्त यहां पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते है। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। बैठक में आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा, शिवकुमार पटेल, दिलीप नागवंशी, माखन जंघेल, लगनू राम, गनपत पटेल, रामानुज धुर्वे, भोले राम सहित अन्य शामिल हुए।

## आहूतियों के साथ गायत्री महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- अन्नूटोला में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन
- महायज्ञ में शामिल हुए 500 लोग



अन्नूटोला में डां दिग्विजय साहू के नेतृत्व में दो दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। पहले दिन ग्राम की महिलाओं ने बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा भ्रमण किया। कथा पंडाल में आचार्यों ने वरुण देव का आव्हान पूजन किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता जयप्रकाश सिन्हा ने पूज्य गुरुदेव के विचारों को सरल भाषा में लोगों के बीच रखा। प्रथम दिवस देवर्षि नारद एवं भगवान विष्णु के संवाद के माध्यम से जागृत आत्माओं का आवाहन राष्ट्र निर्माण के लिए किया गया। दूसरे दिन पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 500 लोगों ने आहुतियां दी। कार्यक्रम में 27गांव के गायत्री परिजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को दीप यज्ञ संपन्न हुआ। इस मौके पर राम आएंगे आएंगे की धुन पर सभी झूम उठे। अंत में कार्यक्रम सफल बनाने वाले भाई बहनों का टोली प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने सम्मान किया। कार्यक्रम के संचालन के लिए आए आचार्य लेखराम साहू ,रोहित सार्वा, हेमंत साहू एवं मुख्य वक्ता जयप्रकाश सिन्हा को विदाई दिया गया।

## राष्ट्रीय लाइब्रेरी की जानकारी से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय ऑनलाईन डिजिटल लाईब्रेरी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल लाईबेरी की उपयोगिता एवं महत्ता को बताया गया। उन्होंने एनडीएलआई के बेबसाईट पर उपलब्ध सभी टूल्स से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने बताया कि वैबसाईट पर बुक्स, नोट्स, विडियो, आडियो, लेखख पेपर आदि की जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने संबंधित विषय या टॉपिक को विभिन्न भाषाओं में सर्च करने की विधि तथा प्रयोग करने की भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एनडीएलआई पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने तथा क्लब से जुड़ने हेतु व्यक्तिगत आवश्यक जानकारी लिया तथा एप के बारे में बताया। हिमानी साहू ने डिजिटल लाईब्रेरी का उपयोग करने छात्रों को प्रेरित किया।



### स्वरोजगार की दी जानकारी

तत्पश्चात विद्यार्थियों को एनएपी-2 योजना की जानकारी दी गई। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बारे में बताया गया। एनएपीएस पोर्टल में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की विधि बताया गया। इस अवसर पर देव्यानी, खुशबू, रेणुका, सरस्वती, तन्नू, वेणुका, पूजा, डामिन, टिकेश्वरी, गीतेश लहरे, प्रियांशु, मुरली, योगेश, एवन, टूकेश्वर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, योगेन्द्र देवांगन, डॉ काव्या जैन, डॉ संजू सिंह, लीना साहू, चाँदनी पराते, शुभि जैन, हनी ठक्कर, दुष्यंत साहू, योगेन्द्र देवांगन, सौम्या देवांगन, सरोजनी वर्मा आदि शामिल हुए।

# शिवलिंग की तरह है ऊंची पहाड़ी, जन आस्था के प्रतीक हैं जटाशंकर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में एक विशाल पर्वत है जहां जटाशंकर महादेव विराजमान है। यह पहाड़ी शिवलिंग का आकार लिए हुए प्रतीत होती है। ऊपर पहाड़ी में विशाल मैदान भी है जहां करीब 5000 लोग बैठ सकते हैं।

जन श्रुति है कि इस क्षेत्र में पुराने समय में महादेव के उपासकों निवास करते रहे हैं। यहां के लोग त्रिशूल मार्ग का अनुयाई थे। त्रिशूल मार्ग पर आस्था रखने वाले यहां बैठकर महादेव द्वारा बताए त्रिशूल मार्ग पर चलकर ज्ञानी, सिद्ध और शक्तिशाली बनते थे।

जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ के स्व श्रीयुत भगोली आयुर्वेदिक जड़ी बूटिया की खोज में अपने साथियों के साथ बम्लेश्वरी पहाड़ी के आसपास जाया करते थे। उनका गाजमर्रा, कल्याणपुर से करीबी संबंध था। एक दिन उनकी पत्नी ने सपना देखा कि पहाड़ी पर भगवान महादेव उन्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे रहे हैं। इस सपना के बारे में उन्होंने अपने पति को बताया। कुछ समय बाद सपना सच साबित हुआ। उस समय इस पहाड़ी में मंदिर नहीं था। इस घटना के बाद उनकी श्रद्धा बढ़ गई और वह यहां आकर शंभू के स्थान को पूजते रहे। वह कभी भी इस स्थान को प्रणाम किए बिना नहीं गुजरते थे। वह हर शिवरात्रि को यहां श्रीफल अर्पित करने आते थे। इस सिलसिले के उनके पुत्रों ने जारी रखा है। उनके पुत्र हर शिवरात्रि को यहां श्रीफल अर्पित करने आते हैं।

### मंदिर का निर्माण

जानकारी के अनुसार 1998 में शिक्षक बीडी दत्ता ने पर्वत के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया ग्रामीणों के सहयोग से पहाड़ी पर मंदिर का निर्माण कराया गया। मंदिर के विकास हेतु जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट का गठन किया गया। यहां हर साल महाशिवरात्रि को लोगों का जमावड़ा रहता हैं। यहां के हर पत्थर में सांपो का आकृति देखने मिलती है। सावन में नागराज को साक्षात देखा जा सकता है। आशीष शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष इस पर्वत पर शिव भक्तों का रेला रहता है। लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भगवन शिव को फल अर्पित करते है। हर सोमवार को दर्शन करने जाने वाले अमित तुमने व घनश्याम यादव ने बताया कि शिव भक्तों का भीड़ यहां हमेशा रहती है।

## स्वच्छता टीम ने 3 लोगों से वसूले जुर्माना

### मलमा मंडप व कचरा फैलाने पर कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण व प्रतिबंधित प्लास्टिक पर रोक लगाने मलमा मंडप के तहत कार्रवाई के साथ-साथ कचरा फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत जनता कालोनी में बिल्डिंग मटेरियल रखने तथा मांगलिक भवन में विवाह के दौरान पार्टी पापर बिखराने व गंदगी फैलाने पर संबंधित के उपर जुर्माना लगाया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा बैठक लेकर एवं वार्ड निरीक्षण कर साफ-सफाई में गुणात्मक सुधार लाने निर्देश दिया जा रहा है। कलेक्टर व प्रशासक संजय अग्रवाल भी समय-समय पर दिशा निर्देश दे रहे हैं। जिसके परिपालन में नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखने वाले तथा कचरा फैलाने वाले पर कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को कार्रवाई के तहत लखोली जनता कालोनी में सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल ईट, रेत, गिट्टी रखने पर सप्लायर्स रमेश गुप्ता से 1 हजार रुपए, कृष्णा टाकिज के बाजू सिहोर पान ठेला वाले द्वारा कचरा फेंकने पर 2 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार आडिटोरियम के पीछे मांगलिक भवन में आयोजित विवाह में बारात उपरांत पार्टी पापर उड़ाने से रोड में कचरा फैला, जिस पर संबंधित सदर लाइन निवासी मोनू राजपूत पर 5 सौ रुपए जुर्माना लगाया गया एवं इन्हें इस प्रकार का कार्य दोबारा न करने समझाईस दी गई। गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### वैवाहिक भवनों पर नजर रखने के निर्देश

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय-समय पर निरीक्षण करें और गंदगी फैलाने पर कार्रवाई करें। इसी प्रकार सड़क में गंदगी फैलाने व मलमा रखने पर भी मलमा मडप के तहत कार्रवाई करें। उन्होंने डेयरी, होटलों, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने, खाद्य सामग्री को ढंककर रखने, ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ-साथ भवनों आदि में साफ-सफाई रखने, कचरा निर्धारित स्थान में फेंकने, घरों के आसपास व सड़क में मलमा नहीं रखने की अपील की है।

### निर्यापक मुनि समता सागर का चन्द्रगिरी में उद्बोधन

# बदलाव के लिए सेवा और सहयोग जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर महाराज ने चन्द्रगिरि में रविवार को श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के परिवर्तन के लिये अच्छे विचार के साथ सेवा और सहयोग भी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री ने देश दुनिया को मात्र विचार नहीं दिये बल्कि उन विचारों को बारीकियों से समझा तथा समाज को सक्रिय कर विभिन्न आयाम स्थापित किए। लोगों को सम्यक दर्शन का सही पाठ पढ़ाया। उनके जीवन की करूणा हर उपेक्षित वर्ग के साथ थी तभी उन्होंने हथकरघा जैसे रोजगार मूलक उपक्रम खड़े किये तथा भाग्योदय एवं पुण्योदय जैसे तीर्थों को खड़ाकर के मानव सेवा का मार्ग प्रशस्त किया। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री कभी किसी के विरोध में खड़े नहीं हुये, कभी किसी ने उनका अथवा उनके विचारों का विरोध किया। उनका चिंतन इतना गहरा था कि विरोधी भी उनके सामने घुटने टेक देते थे। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने कभी नकारात्मक बातों को प्रोत्साहित नही किया बल्कि उसे सकारात्मकता के साथ अपनी चर्या के माध्यम से प्रस्तुत किया है इसीलिये गुरूदेव उन लोगों के बीच भी लोकप्रिय हुए जो कभी विरोध करते थे।

### युवाओं को जोड़ा धर्म से

मुनिश्री ने बताया कि आचार्य श्री ने जिन घरों में मुनिओं के पास आने तथा चैका लगाने की परंपरा नहीं थी उनकी नई पीढ़ी को शिक्षित किया और संस्कारित कर अभिषेक एवं मुनिचर्या से परिचय कराया। मुनि परंपरा से अनभिज्ञ युवाओं को आगे बढ़ाया और अब उस परिवार से ही युवा मुनि बन गये हैं। इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री वीरसागर महाराज ने भी सक्रिय सम्यक दर्शन पर विचारों को प्रस्तुत किया। इस दौरान मुनि पवित्रसागर, मुनि आगमसागर, पुनीतसागर, गुरुमति माता, दृणमति माता, आदर्शमति माता सहित अन्य मौजूद थे।

## घुमका में भजन संध्या आज



**घुमका।** ग्राम के महाराणा प्रताप चौक में कल मंगलवार शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर महाकाल सेना ने यह आयोजन रखा है। सेना के आयुष्मान सिंह और गौरव शर्मा ने बताया रायपुर की भजन गायिका 17 वर्षीय आरु साहू शिव मंदिर में शिव भजनों की प्रस्तुति देंगी।

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे होंगे। आयोजक महाकाल सेना ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 26 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 26 फरवरी को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाताओं का आभार

**अर्जुनी।** डोंगरगांव जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक चार के उम्मीदवार राजेन्द्र गुप्ता ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा प्रजातांत्रिक प्रणाली में हार जीत आम बात है। उन्होंने चुनाव में मदद करने के लिए सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि वह आम लोगों के लिए काम करते रहेंगे।

### एनबी ग्रुप आफ स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के एनबीआईएस, एनएफएस खंडेलवाल कॉलोनी तथा एनपीपीएस के जेसी ब्रांच के केजी-टू के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें केजी-टू के बच्चों के लिए शाला द्वारा विशेष वेशभूषा बनाई गई थी।

छोटे बच्चों द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में भाषणों की प्रस्तुति दी गई। केजी-टू के बच्चों द्वारा हिन्दी एवं अंग्रेजी में गीत गाया गया, जिसे कक्षा शिक्षकों द्वारा स्वरबद्ध किया गया था। हिन्दी गायन में बच्चों के गीत "मात-पिता तुम्हें वंदन" सुन पालक भाव विभोर हो उठे। आयोजन में बच्चों के पालकगण उपस्थित रहे। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को केजी-टू से क्लास वन में जाने पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। श्री बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार जताया गया और अपने उद्बोधन में पालको को आश्वस्त कराया गया कि संस्था सदैव बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को उचित वातावरण शाला परिवार द्वारा हमेशा दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्री प्राइमरी की शिक्षिकाएं, संगीत तथा कला के शिक्षिकों का विशेष सहयोग रहा। ग्रेजुएशन सेरेमनी में संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, एनबीआईएस प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, एनपीपीएस बल्देवबाग प्राचार्य ईला राठौड़, उप प्राचार्य आरती पिल्लै, हेड मिस्ट्रेस वैशाली सिंह, एडमिन संतोष पिल्लै, एनएमएस जयस्तंभ चौक हेड मिस्ट्रेस स्नेहलता तिवारी, एनएफएस हेड मिस्ट्रेस मधुजा महेश्वरी, एडमिन मनिंदर सिंग ढल्ला तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गई।

### दवा विक्रेता संघ ने किया महापौर का स्वागत

**राजनांदगांव।** जिला दवा विक्रेता संघ राजनांदगांव के नेतृत्व में केमिस्ट साथियों ने राजनांदगांव नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव द्वारा प्रचंड मतों से विजयी होने पर संघ के पदाधिकारियों ने उनके निवास में पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ व फूलमाला से स्वागत किया। इस दौरान छग दवा विक्रेता संघ से संगठन मंत्री देवव्रत गौतम, जिला दवा विक्रेता संघ से अध्यक्ष अतुल जैन, सचिव दशरथ प्रसाद शर्मा, कार्यकारणी के सदस्य एवं नवनिर्वाचित पार्षद डुरेन्द्र साहू, पूर्व सचिव रोमेश शर्मा, अशोक कटारिया इत्यादि शामिल थे।

## निधन

### श्रीमती भावना शुक्ला

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी निवासी नगर के प्रतिष्ठत व्यापारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुधीर शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती भावना शुक्ला का आज शाम आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार कल 25 फरवरी को जबलपुर में सम्पन्न किया जाएगा।



---

### आयुक्त ने सुबह शहर के अलग-अलग इलाकों का किया निरीक्षण

# आरके नगर चौक व गौरव स्थल के पास अतिक्रमण हटाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारी कर साफ-सफाई में जोर दिया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ-सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे हैं।

शहर को व्यवस्थित व साफ-सुथरा रखने, अतिक्रमण व मलमा हटाने कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। सुबह उनके द्वारा शहर के जीई रोड में सफाई देख अतिक्रमण हटाने व गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने कहा गया।

आयुक्त विश्वकर्मा होटल अमोरा के सामने कचरा व पार्टी पापर देख जुर्माना लगाने कहा। निगम अमला ने 1 हजार रुपए जुर्माना कर प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास, कटोरी, चम्मच का उपयोग नहीं करने तथा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने समझाईस दी। उनके द्वारा टांकाघर का निरीक्षण कर गाड़ियों की जानकारी लेकर सुबह समय में सभी गाड़ियां निकालने प्रभारी को निर्देशित किया तथा हाजिरी रजिस्टर की जांच कर कर्मचारियों का नाम लिखकर उपस्थिति लगाने कहा तथा उनसे चर्चा कर अगामी ग्रीष्मऋतु में समय में उपस्थित होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा।



#### डस्टबिन का करें उपयोग

आयुक्त ने आरके नगर चौक, मुदडा कुंज के पास कचरा देख अतिक्रमण हटाने व कार्रवाई करने निर्देशित किया। इसी प्रकार फ्लाई ओवर के नीचे ठेला-खोमचा वालों द्वारा कचरा फैलाते पाए जाने पर कार्रवाई करने कहा एवं डस्टबिन का उपयोग करने, अतिक्रमण नहीं करने समझाईस दी। उन्होंने गौरव स्थल के पास भी फल वालों द्वारा दुकान बढ़ाने पर हटवाने कहा। नेहरू नगर में नागरिकों से रूबरू हो साफ-सफाई के लिए फिडबैक लिया एवं कचरा घर में ही अलग-अलग रख स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दी।

#### कचरा उठाने व साफ सफाई रखने निर्देश

जीई रोड में चल रहे साफ-सफाई का आयुक्त विश्वकर्मा ने जायजा लिया और अच्छी सफाई देख इसी प्रकार साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेवाडीह आशा नगर में निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन साफ-सफाई कर कचरा उठाने, उद्यान एवं तालाब के पास सफाई करने कहा। जीवन आवास कालोनी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में कचरा न डाल बाहर कचरा फेंकने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा कालोनाईजर को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को दिए।

---

# अशोका में मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा व स्थापना दिवस की वर्षगांठ मनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स परिसर स्थित मंदिर में 22 फरवरी को गजानंद भगवान एवं श्री शिव परिवार के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा एवं मंदिर के स्थापना दिवस की छठवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया।

सुबह 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री गजानन शिक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा भगवान श्रीगणेश का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात मंदिर परिसर में बने विशाल हवनकुंड में महाविद्यालय प्रबंधन, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आहुति डालकर हवन किया गया।

आरती पश्चात महाविद्यालय परिसर में प्रसादी एवं भंडारे की व्यवस्था की गई थी। जिसको ग्रहण कर श्रद्वालुजन तृप्त हुए। विदित हो कि इसी दिन श्री गजानन शिक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य शेषनारायण चंद्राकर का जन्म दिवस होने के कारण उन्होंने सपरिवार विशेष पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के बाद ग्राम तोरणकट्टा के कालाकरों ने धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी। उक्त जानकारी संस्था के कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्दकार ने दी।

---

### मंडावीटोला क्षेत्र से जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त

# आजादी के बाद मुरेर से पहली बार जनपद सदस्य बनीं गैंदकुंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवगठित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम मुरेर निवासी गैंदकुंवर ठाकुर के जनपद पंचायत क्षेत्र मंडावीटोला से जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर अंचल में अत्यंत हर्ष व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती ठाकुर को ग्राम मुरेर से आजादी के बाद पहली बार सरपंच, उसके पश्चात जनपद सदस्य निर्वाचित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके पहले ग्राम मुरेर के किसी भी व्यक्ति को सरपंच एवं जनपद सदस्य बनने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ था। श्रीमती ठाकुर वर्ष 2020 में ग्राम पंचायत मार्री से सरपंच निर्वाचित हुई थी। अभी हाल ही में संपन्न त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत उन्हें निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जनपद पंचायत क्षेत्र मंडावीटोला से जनपद सदस्य निर्वाचित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। विदित हो कि आज से कुछ साल पहले तक ग्राम मुरेर की पहचान दुर्गम एवं सुविधाविहीन गांव में होता था। ग्राम मुरेर से मुख्य मार्ग तक आवागमन हेतु मार्ग भी नहीं था। इसके साथ ही आज भी ग्राम मुरेर के वासियों को बस एवं आवागमन की सुविधा के लिए पास के गांव मार्री एवं देववाड़वी में जाना पड़ता है। ऐसे सुदूर वनांचल के छोटे से गांव मुरेर की महिला को पहले सरपंच, उसके पश्चात जनपद सदस्य निर्वाचित होने का सौभाग्य मिलने पर ग्राम मुरेर सहित अंचलवासियों में हर्ष व्याप्त है। श्रीमती गैंदकुंवर ठाकुर के जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर गोंडवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चन्द्रेश ठाकुर, सचिव पुरूषोत्तम मंडावी, ग्राम मुरेर के पटेल थानुराम नुरेटी, लतखोर नुरेटी, हेमलाल नेताम, बलीराम जुरेशिया, चतुर सिंह नुरूटी, शंकर निर्मलकर, बिहारीलाल पटेल, लीलाधर बढ़ाई, शिक्षक किशन परतेती, गुलाब गावरे, जयचंद पटेल, बिष्णु नुरेशिया, रेशन नुरूटी सहित जनपद क्षेत्र के लोगों ने बधाई प्रेषित की है।



---

# तीन दर्जन से अधिक नए और दो दर्जन अनुभवी पार्षद संभालेंगे वार्डों की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की जनता ने एक बार फिर पार्षद और महापौर के रूप में शहरी सरकार की कमान अपने प्रतिनिधियों को सौंप दी है। जिसमें जनता ने वरिष्ठ और अनुभवी महापौर के रूप में मधुसूदन यादव को चुना है। वहीं वार्डों का प्रतिनिधित्व करने युवा और वरिष्ठों पर भी भरोसा जताया है। शहर के अधिकांश वार्डों के मतदाताओं ने पहली बार पार्षद के रूप में नए चेहरों को जिताया है। जिसमें 38 ऐसे पार्षद जीते हैं, जो पहली बार पार्षद निर्वाचित होकर नगर निगम पहुंचे हैं। वहीं शहर के 13 वार्डों में पूर्व में पार्षद रहे लोगों को एक बार फिर वार्ड की जनता ने उन पर भरोसा करते जिताया है।

#### 11 पार्षद दोबारा निर्वाचित

नगर निगम में कांग्रेस की शहरी सरकार के पिछले कार्यकाल में निर्वाचित हुए 11 पार्षद दोबारा जीतकर नगर निगम पहुंचे हैं। इनमें राजा तिवारी, कमलेश बंधे, बैनाबाई टुरहाटे, सतीश मसीह, शिव वर्मा, संतोष पिल्ले, पारस वर्मा, संजय रजक, रानू जैन, मणिभास्कर गुप्ता, खेमिन यादव शामिल हैं।

#### नए पार्षदों में युवा जोश

पहली बार नगर निगम चुनाव में जीतकर वार्ड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त करने वाले अधिकांश पार्षद युवा हैं। जिनमें वार्ड के विकास को लेकर बेहतर सोच और युवा जोश भरा हुआ है, जो अपने वार्ड के विकास को लेकर कई प्राथमिकता लिए हुए हैं।

#### दशकों का अनुभव

नगर निगम में पुराने और काफी अनुभवी पार्षदों की बात की जाए तो हफीज खान, शिव वर्मा, पारस वर्मा, संतोष पिल्ले, सतीश मसीह, मणिभास्कर गुप्ता को एक बार फिर जनता ने जीताकर नगर निगम के सदन में भेजा है। इनमें एक दशक से लेकर ढाई दशक तक पार्षद रहने वाले शामिल हैं।

---

# शादी से वापस लौट रहा वाहन पलटा, एक मृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ भर्रेगांव के पास हादसा

शादी समारोह में शामिल होकर माल वाहक में सवार हो लोग वापस लौट रहे थे। इस दौरान माल वाहक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे इसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, अन्य सवार घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्हारपुरी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए मालवाहक पिकअप में सवार होकर लोग आए हुए थे, जहां से 23 फरवरी को दोपहर लगभग 3 बजे वापस पाटन की ओर जाने के लिए निकले थे। वाहन जैसे ही सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत भर्रेगांव के पास पहुंची, वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई।बताया गया कि उक्त वाहन में लगभग दर्जन भर लोग सवार थे।

#### वाहन में सवार अन्य घायल

पुलिस के अनुसार वाहन के पलटने से इसमें सवार लोगों में हायतौबा मच गई थी। इसमें सवार लगभग 8-9 लोगों को चोंटे भी आई। वहीं वाहन में सवार सोनेश्वर साहू उम्र लगभग 35 वर्ष को गंभीर रूप से चोंट आई थी, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर सुरगी पुलिस चौकी इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

---

# ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा पर रोक लगाने इकट्ठा हुआ सर्व हिन्दू समाज

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी इस अनुसूचित जनजाति जिले में अंबागढ़ चौकी नगर से लेकर औंधी क्षेत्र के बीहड़ों तक बड़े पैमाने पर फैल रहे दीगर समाज के ईसाईकरण के मामलों के बीच सर्व हिंदू समुदाय द्वारा जिले के भर्रीटोला ग्राम में ईसाई समुदाय द्वारा प्रार्थना सभा के आयोजन पर आपत्ति दर्ज करते रोक लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

उल्लेखनी है कि जिले के ग्राम भर्रीटोला मे 25 फरवरी से तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सर्व हिन्दू समाज के दर्जनों पदाधिकारियों ने सोमवार दोपहर साढ़े 3 बजे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थनासभा को स्थगित करवाने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि ईसाई मिशनरी द्वारा कन्वर्टेड आदिवासियों को सामने रखकर इस प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के भोले-भाले आदिवासियों को प्रलोभन देकर ईसाई मिशनरी आदिवासियों को कन्वर्ट करने में लगा हुआ है। यह प्रार्थना सभा भी कन्वर्जन का एक माध्यम है।



#### जिले में बढ़ता जा रहा है ईसाईकरण

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अनुसूचित जनजाति जिले में एक तरफ नक्सलवाद का दंश, दूसरी ओर अंबागढ़ चौकी नगर से लेकर मानपुर विकासखंड के औंधी क्षेत्र के तमाम आदिवासी बहुल्य गांवों में बड़े पैमाने पर ईसाईकरण के मामले सामने आ रहे हैं। धर्म परिवर्तन के साथ-साथ बेहद संख्या में जिले के भीतर कन्वर्टेड ईसाइयों के लिए चर्च स्थापित किए जा रहे हैं।

#### हर समाज पर सेंध

लगातार धर्म परिवर्तन का मामला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में बढ़ते ही जा रहा है। ईसाईकरण के ग्राफ में इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र के बड़े पैमाने पर हर धर्म-जाति के भोले-भाले ग्रामीण अपना धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपना रहे हैं।

---

# दलेश्वर साहू विधायक पद से दे इस्तीफा: दिनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी ने डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की शर्मनाक पराजय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि विधायक दलेश्वर साहू को तत्काल अपने पद से त्यागपत्र देकर फिर से डोंगरगांव क्षेत्र में जनादेश प्राप्त करना चाहिए।

श्री गांधी ने कहा कि विधायक साहू ने अपने मनमर्जी से जिला पंचायत एवं अन्य पदों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए थे और सार्वजनिक रूप से यह घोषणा की थी यदि उनके द्वारा घोषित प्रत्याशी को वे चुनाव नहीं जीता पाएंगे तो विधायक पद से इस्तीफा देंगे। गांधी ने कहा कि यह अब समय का तकाजा है कि कांग्रेस डोंगरगांव क्षेत्र में बुरी तरह पराजित हुई है और वचन के अनुसार दलेश्वर साहू को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा मीडिया सेंटर के अनुसार दिनेश गांधी ने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो गया है, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस के पंच-सरपंच प्रत्याशियों की पराजय हुई। वहीं जिला पंचायत की पांच में से तीन सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए। इसी तरह नगर पंचायत के चुनाव में भी कांग्रेस का सुपड़ा पहले ही साफ हो चुका था। अब जनपद पंचायतों के चुनावों में भी बुरी गत हुई और भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को बीस में से 15 सीटों पर विजय प्राप्त होकर साफ बहुत हासिल हो गया है।

श्री गांधी ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि डोंगरगांव क्षेत्र से कांग्रेस का जनाधार चला गया है। विधायक दलेश्वर के प्रति लोगों का मोह भंग हो गया है, फिर उन्होंने स्वयं ही कहा था कि यदि उनके प्रत्याशी विजयी नहीं हुए तो वे अपना पद त्याग देंगे। अब उन्हें अपने कहे पर निर्णय कर तत्काल विधायक पद से इस्तीफा देना चाहिए।

---

# हेमू कालानी नगर में निकलेगी भोले बाबा की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हेमू कालानी नगर लालबाग गली नंबर 5 स्थित शिव सेवा मंडल एवं पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में बागेश्वर महादेव की बारात एवं पार्वती संग शुभ विवाह का भव्य आयोजन 26 फरवरी को किया जा रहा है। जिसमें भक्तिमय मांगलिक कार्यक्रम की शुरूआत 19 फरवरी से हो चुकी है।

शिव सेवा मंडल के सचिव कमल चिचेरिया ने बताया कि 26 फरवरी को सुबह 6 से 7 बजे तक शिवजी का विशेष दुग्धाभिषेक श्रृंगार किया जाएगा। 7 बजे से लगातार अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी एवं महामृत्युंजय मंत्र व शिव चालीसा का पाठ निरंतर मौन साधना कर महादेव के भक्तों के लिए खुशहाल जीवन तथा सुख शांति की प्रार्थना के साथ किया जाएगा। दोपहर 01 बजे महाशिव पुराण पाठ समाप्ति होगी। साथ ही दोपहर 12 बजे संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन भोले बाबा के लालबागेश्वर धाम में किया जा गया है। इस अवसर पर अन्नपूर्णा माता के खजाने का बरकत का सिक्का भी भक्तों को वितरण किया जाएगा।

शिव सेवा मंडल के आवतराम एवं हरि तेजवानी ने बताया कि शिवरात्रि का मुख्य आकर्षण भोले बाबा की बारात होती है। जिसमें 26 फरवरी को रात्रि 7 महाकाल की भव्य पालकी बैंड-बाजा एवं डमरू नृत्य के साथ भूत-पिचाश एवं प्रेतों की बारात निकलेगी, जो लालबाग भ्रमण करते वापस दुर्गा मंदिर पहुंचेगी, जहां शुभ विवाह की रस्मों की अदायगी होगी। उल्लेखनीय है कि ख्याति प्राप्त बारात को देखने दूर-दूर से भक्तगण पहुंचते हैं।



#### भस्म नृत्य आकर्षण का होगा केंद्र

विवाह समारोह के दौरान शिव भक्तों के साथ आतिशबाजी के साथ कुंभ नगरी एवं काशी के प्रसिद्ध अघोरी बाबा का रंगारंग मंचन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे शिव शक्ति प्रांगण में भस्म नृत्य एवं अनेक प्रकार के नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

#### आज निकलेगी महाकाल की पालकी यात्रा

25 फरवरी को शाम 5 बजे से गली नंबर 5 स्थित शिव मंदिर से महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न गलियों का भ्रमण करते रात्रि 9 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

#### हल्दी चंदन एवं 56 भोग

कल 25 फरवरी को शाम 6 बजे लाल बागेश्वर महादेव एवं पार्वती मैया का फूलों एवं मित्रों से हल्दी-चंदन लगाकर पूजन किया जाएगा। साथ ही अविवाहित बच्चों का जल्द मंगल कार्य के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। मंगलवार को शाम 6 बजे भगवान महाकाल को छप्पन भोग भी लगाया जाएगा।

---

## बागेश्वर अवतार मूर्तियों का अनावरण

संस्कारधानी में भगवान शिव के बागेश्वर अवतार जो उन्होंने श्रीराम काज के लिए लिया था। उसका अनावरण श्री बागेश्वर धाम मंदिर में कल गोधूलि बेला में पूजन कर किया गया।



उक्त जानकारी देते बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, विनय साहू, प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री, सरयू के नदी स्वरूप को देवलोक से धरती पर लाने के समय जो जनकल्याण व श्रीराम अवतार की वापसी के लिए गुरू वशिष्ट द्वारा रघुवंशी राजाओं के अनुरोध पर भगवान शिव से प्रार्थना कर आयोध्या लाया जा रहा था, उस समय नदी के मार्ग में मध्य में घोर तपस्या में लीन मार्कण्डेय ऋषि को तट से उठाने भगवान शिव, बाघ व मां पार्वती द्वारा गाय का अवतार लेकर ऋषि को मार्ग से हटाकर सरयू नदी के प्रवाह का विघ्न दूर किया गया था। जिससे सरयू अपने गंतव्य श्री आयोध्या धाम पहुंच सकी थी। संध्या गोधूली बेला के समय शिवनाथ तट क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष डीसी जैन, चेंबर ऑफ कामर्स व अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका शारदा तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम कोशा, स्थापनाकर्ता भावेश अग्रवाल, महाकाल मंदिर सिंघोला के राजू डागा, जतिन पटेल, सोहनलाल गुप्ता, पं. सृष्टि नारायण द्वारा मंत्रोचार कर मूर्तियों में भगवान की उपस्थिति का आह्वान कर विधि-विधान से स्थापना पूजन कर अनावरण किया गया। तत्पश्चात भागवान के अवतार व बागेश्वर महादेव की ढ़ोल नगाड़ों के साथ महाआरती की गई। कार्यक्रम का संचालन पंकज गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी, शिव भक्तगण, माताएं-बहने, नारी शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थी। उक्त जानकारी बागेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता, विकास गुप्ता व सौरभ गुप्ता ने दी।

---

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम धनेली प.ह.न. 00030 रा.नि.मं. खैरागढ़, तह. खैरागढ जिला- के.सी.जी. (छ.ग.) में स्थित असिंचित भूमि जिसका खसरा नं 90/1, रकबा 0.1010 हे. ख.न. 90/2 रकबा 0.097 हे. एवं ख.न. 90/3 रकबा 0.0970 हे. भूमि इस प्रकार कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.295 हे. विक्रेता श्रीमती सना बानो पति आबिद मेमन द्वारा विकय करने हेतु तय शुदा रकम में पक्का सौदा कर लिया है जिस संबंध में विक्रय मूल्य की राशि मे से बतौर एडवांश राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी को अदा कर दी गई है। पंजीयन विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उक्त सौदे / संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय निकाय, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर, पावती प्राप्त करे। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति / दावा प्रभावहीन एवं शुन्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरे पक्षकार स्वतंत्र होगा कि वह अपने पक्ष में उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेवे । तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति दावा अथवा झुठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

जो सूचना सर्व विदित हो।

स्थान - खैरागढ़
दिनांक - 24/02/2025

**श्री संदीप दास वैष्णव (अधिवक्ता)**
कार्यालय नया बस स्टैण्ड खैरागढ़
तह. खैरागढ़, जिला- के.सी.जी.

## सार समाचार

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 2 को

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 2 मार्च 2025 को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में प्रवेश परीक्षा के आयोजन के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं जेएमजे उच्चतर माध्यमिक शाला कुल 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 1009 विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकृत किया गया है, वे एकलव्य विद्यालय के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### सदस्य 28 तक कर सकते हैं नाम प्रस्तुत

**राजनांदगांव।** भारतीय मानक ब्यूरो के निर्देशानुसार राज्य में उपभोक्ताओं को मानक गुणवत्ता का उत्पाद एवं सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में उपभोक्ता संस्थाओं व एनजीओ के प्रतिनिधि सदस्य नामांकित किया जाएगा। राजनांदगांव जिले में 2 उपयुक्त उपभोक्ता संस्थाओं व एनजीओ के प्रतिनिधि की जानकारी चाही गई है। इच्छुक उपभोक्ता संस्थाओं व एनजीओ के सदस्य नामांकित किए जाने हेतु प्रतिनिधि आवश्यक दस्तावेजों के साथ 28 फरवरी तक कलेक्टर खाद्य शाखा राजनांदगांव के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आज निकलेगी बाबा महाकाल की शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** महाकाल मित्र मंडल के अध्यक्ष निखिल द्विवेदी ने कहा कि कल 25 फरवरी को बाबा महाकाल की भव्य शोभायात्रा दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा चौक से निकाली जाएगी। आयोजन का यह 6वां वर्ष है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष शोभायात्रा में आकर्षक झांकी, डीजे-धुमाल, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गाजे-बाजे, गेड़ी नृत्य, हरियाणा सिरसा के अघोरी प्रस्तुति के साथ निकलेगी।

### महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा ज्ञान मानसरोवर में आयोजित चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव



का भव्य शुभारंभ 23 फरवरी को हुआ। इस महोत्सव का उद्घाटन विभिन्न वार्ड के पार्षदगण राजा माखीजा, सुरेंद्र साहू, सेवकराम उईके, श्रुति जैन, केवरा विजय राय, पूर्व पार्षद गुरुमुख दास वाधवा, महाकाल भक्त राजू डागा इत्यादि उपस्थित थे। साथ ही सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने दीप प्रज्जवन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने 40 फीट ऊंचे विशाल शिवलिंग के साथ-साथ द्वादश ज्योतिर्लिंग झांकी का भी दर्शन लाभ लिया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने अतिथियों को बधाई देते कहा कि परमात्मा शिव के अवतरण की याद में मनाया जाने वाला यह पर्व बहुत कल्याणकारी है। इस पर्व में हम परमात्मा शिव की साधना कर उनसे मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। यह महोत्सव नगर के भक्तजनों के लिए 26 तारीख महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा।

### झूलेलाल घाट में चला सफाई अभियान

**राजनांदगांव।** सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से 23 फरवरी को प्रकृति की शुद्धता व



मानवता के उत्थान की ओर निरंकारी मिशन का एक और स्वर्णिम कदम अमृत प्रोजेक्ट के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ। राजनांदगांव में भी बूढ़ासागर के झूलेलाल घाट और झूलेलाल घाट से शिव मंदिर तक मॉर्निंग वॉक प्लेटफार्म को निरंकारी मिशन के अनुयायियों और सेवा दल के सदस्य लगभग 150 भाई-बहनों ने साफ करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस साफ-सफाई में वार्ड नं. 23 के पार्षद राजा माखीजा एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सफाई स्थल पर पहुंचकर नगर निगम के लगभग 30 सफाई कर्मियों को भी लाकर साफ-सफाई में अच्छा सहयोग दिया। नगर निगम द्वारा कचरा साफ करने एक जेसीबी तीन ट्रक, पांच ई-रिक्शा एवं चार हाथ ठेले लाए गए थे। नगर निगम के सफाईकर्मी सेवादार गणेश, दिनेश, अभिषेक, विजय, परदेशी एवं भारती सहित साफ-सफाई में सहयोग दिया। पूर्व पार्षद दुर्गेश यादव का भी सहयोग मिला। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

### अवैध प्लाटिंग के भ्रष्टाचार को विस में उठाने की मांग

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से 22 एकड़ अवैध प्लाटिंग के भ्रष्टाचार को विधानसभा में



उठाने की मांग की। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत से मांग की है कि राजनांदगांव शहर के इंदिरा नगर चौक के पास अभिनंदन गेलैक्सी कॉलोनी के विकास की अनुमति लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में निगम के पास है और उस 8 एकड़ क्षेत्र के आड़ में भू-माफियाओं ने लगभग 22 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर नगर निगम को करोड़ों रुपयों के शासन का नुकसान निगम के भ्रष्ट अधिकारियों एवं अन्य विभागों की मिलीभगत के चलते अवैध प्लाटिंग को नियमितीकरण कर किया गया है। इस मामले के प्रश्न को लगाते इसमें दोषी अधिकारियों और अवैध प्लाटिंग कर शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कराने का कष्ट कराएं।

### अंतिम चरण का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

# जिले में 87.76 प्रतिशत ग्रामीण मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले में तीन चरणों में निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ। ग्रामीण मतदाता जागरूकता का परिचय देते अपने मताधिकार का प्रयोग करने उत्साहित दिखे। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। मतदान केन्द्रों में ग्रामीण मतदाताओं ने कतार में लगाकर बारी-बारी से मतदान किया। युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग अन्य सभी मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 87.76 प्रतिशत ग्रामीण मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 87.22 प्रतिशत पुरूष, 88.31 प्रतिशत महिला एवं 66.67 प्रतिशत तृतीय लिंग मतदाताओं शामिल है। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में 5 लाख 32 हजार 56 मतदाताओं में से 4 लाख 66 हजार 957 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 2 लाख हजार 66 हजार 703 पुरूष मतदाता में से 2 लाख 32 हजार 626 पुरूष मतदाता, 2 लाख 65 हजार 350 महिला मतदाता में से 2 लाख 34 हजार 329 महिला मतदाता एवं 3 तृतीय लिंग मतदाता में से 2 तृतीय लिंग मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग किया।



### डोंगरगढ़ में 87.67% मतदान

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत मतदान 87.67 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 86.98 प्रतिशत पुरूष एवं 88.37 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। जिसमें 1 लाख 31 हजार 932 मतदाता में से 1 लाख 15 हजार 662 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 66 हजार 642 पुरूष मतदाता में से 57 हजार 964 पुरूष मतदाता एवं 65 हजार 290 महिला मतदाता में से 57 हजार 698 महिला मतदाता ने मतदान किया।

### डोंगरगांव में 88.98% मतदान

जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत मतदान 88.98 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 88.51 प्रतिशत पुरूष एवं 89.45 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल है। जिसमें 98 हजार 679 मतदाता में से 87 हजार 804 मतदाता ने मतदान किया। इसमें 49 हजार 330 पुरूष मतदाता में से 43 हजार 660 पुरूष मतदाता एवं 49 हजार 349 महिला मतदाता में से 44 हजार 144 महिला मतदाता ने मतदान किया।

### मतदान में बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र अंतर्गत मतदान 85.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 84.15 प्रतिशत पुरूष, 86.52 प्रतिशत महिला एवं 100 प्रतिशत अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 1 लाख 43 हजार 403 मतदाता में से 1 लाख 22 हजार 375 मतदाता ने मतदान किया। इसमें 71 हजार 488 पुरूष मतदाता में से 60 हजार 157 पुरूष मतदाता, 71 हजार 914 महिला मतदाता में से 62 हजार 217 महिला मतदाता एवं 1 तृतीय लिंग मतदाता में से 1 तृतीय लिंग मतदाता ने मतदान किया।

### नांदगांव में 141116 मतदाताओं ने किया मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 89.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 89.40 प्रतिशत पुरूष, 89.18 प्रतिशत महिला एवं 50 प्रतिशत तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 1 लाख 58 हजार 42 मतदाता में से 1 लाख 41 हजार 116 मतदाता ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 79 हजार 243 पुरूष मतदाता में से 70 हजार 845 पुरूष मतदाता, 78 हजार 797 महिला मतदाता में से 70 हजार 270 महिला मतदाता एवं 2 तृतीय लिंग मतदाता में से 1 तृतीय लिंग मतदाता ने मतदान किया।

# वेलकम पार्टी आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 22 फरवरी को बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए स्वागत समारोह का आयोजन महाविद्यालय सभागार हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक नरेंद्र गौतम, प्रभारी प्राचार्य तुकेश वर्मा द्वारा किया गया।

अतिथि स्वागत उपरांत प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं का स्वागत करते समय के साथ स्वयं को अपडेट होकर चलने की बात कही। संचालक श्री गौतम द्वारा अपने आशीर्वचन में सभी को शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं विभिन्न प्रकार के खेल का आयोजन किया गया। पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र का वितरण संचालक एवं प्राचार्य द्वारा किया गया। अंत में मिस फ्रेशर व मिस्टर फ्रेशर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी आभारानी साव, सहायक प्राध्यापक डॉ. नम्रता बुलदेव, पीताम्बर साहू, ममता तंबोली, माला गणवीर, छबिकांत उपाध्याय, पेमीता साहू, सरिता बावंतडे, सुषमा देवांगन, रोशनी सिन्हा उपस्थित रहे।

## छात्र राजनीति से पहुंची जनपद प्रीति वैष्णव को मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में संपन्न हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में छात्र राजनीति में सक्रिय रही कांग्रेस की युवा कार्यकर्ता प्रीति वैष्णव डोंगरगढ़ क्षेत्र में जनपद क्षेत्र क्रमांक 8 मेढ़ा से जनपद पंचायत सदस्य निवार्चित हुई है।



नवनिर्वाचित जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने 9 साल पहले एनएसयूआई में छात्र राजनीति से अपनी शुरूआत की थी। प्रीति वैष्णव शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से छात्र संघ का चुनाव जीतकर छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था।

### 1800 से अधिक मतों से विजयी

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र क्रमांक 8 से प्रीति वैष्णव ने 1800 से अधिक मतों से अपनी जीत दर्ज की। अपनी जीत के बाद प्रीति वैष्णव ने कहा कि मेरे क्षेत्र के ग्राम मेढ़ा, पटपर, पिनकापार, खैरवार, भरुहाटोला, टोलागांव की जनता एवं मतदाताओं ने जो उन्हें आशीर्वाद दिया है, उनका जीवनभर वह आभारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अपने गांव एवं क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेगी।

## भाजयुमो को मौका देने पर मोनू ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को मौका दिए जाने के लिए भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। मोनू बहादुर सिंह ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि राजनांदगांव जिले के इस नगर निगम, पंचायत, पालिका परिषद चुनाव में युवा मोर्चा के जो पदाधिकारी हैं, चाहे मंडल के हों या जिले के हों उनमें से ज्यादातर युवाओं पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा



जता कर उन्हें चुनावी रण में उतारा और युवाओं ने भी पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरते जिले मे 40 से अधिक विभिन्न पदों पर जीत दर्ज की। मोनू ने कहा कि सरपंच, पार्षद, जिला पंचायत, जनपद पंचायत सहित अन्य क्षेत्रों में भाजयुमो के दर्जनों लोग जीतकर आए हैं, जिन्हें शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि जनता की सेवा करते वह भविष्य के लिए भी एक बेहतर समाज का निर्माण करने में सहायक होंगे। मोनू ने कहा कि केंद्र से लेकर अब गांव-गांव तक भाजपा का परचम लहरा रहा है और ये विश्वास है। मोनू ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बधाई देते कहा कि जिस तरह से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आप सब पर भरोसा जताया है, उसे कायम रखते आगे भी पार्टी को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास आप सब करें, ऐसी आशा है।













## समस्या: ग्रामीणों की बढ़ी चिंता, रबि फसल चना, तिवरा को कर रहे सफाचट

# बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान परिपक्व फसल को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसानों के खेतों में रबि फसल चना, तिवरा, गेहूं व मसूर की फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं। वहीं क्षेत्र में बंदरों के आतंक से किसानों की परिपक्व हुई फसल चना, गेहूं व तिरवा तथा मसूर फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में झूड़ के झूड़ बंदर के आंतक ने किसानों के खेतों पर परिपक्व फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं साथ ही साथ सफाचट कर रहे हैं, जिसे लेकर ग्रामीण किसानो को भारी नुकसानों का सामना व चिंता का विषय बना हुआ है। जिससे ग्रामीण किसान बंदरों के आंतक से परेशान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सब्जी की खेती कर रहे किसान इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान व चिंतित हैं, जिससे क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, दौजरी, राम्हेपुर कला, चंडालपुर, नाऊडीह व जरती के किसानों का कहना है कि बंदरों का झुंड एक साथ आकर रबि फसल व सब्जी की खेती को पूरी तरह बर्बाद कर देते हैं, इससे साल भर की मेहनत पर पानी फिर रहा है, वहीं ग्रामीण किसानों द्वारा कई उपाय कर रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिल रही है। साथ ही साथ खेतों तथा बाड़ियों में काम करने वाले पुरुष व महिलाओं में दहशत व्याप्त है।

### भगाने पर कर देते हैं हमला



रबि फसल तथा सब्जी उत्पादक किसानों के बाड़ियों व घरों के दीवारों, छतों पर सेमी, लौकी, टमाटर सहित अन्य प्रकार की सब्जियां लगी हुई होती है, पौधे फूल-फलों से लदे है, इस पर बंदरों की नजर होती है साथ ही भगाने की कोशिश करते हैं तो हमला करने के लिए झपट जाते है। ग्रामीण बुजुर्ग व जानकारों के अनुसार वर्तमान में बंदरों का आतंक व फसल तथा सब्जी सहित अन्य फसलों को बर्बाद करने का एकमात्र कारण जंगलों की कटाई तथा जंगलों में फल विहीन हो जाना है।

# बूढ़ा महादेव मंदिर में भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन 26 से

## 31 वर्षों से प्रज्ज्वलित है संकीर्तन की अखंड ज्योति



■ आसपास के क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरीय कवर्धा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस विशेष आयोजन में भक्तों को महान संतों के प्रेरणादायक चरित्रों और भक्ति की शक्ति का दिव्य अनुभव प्राप्त होगा।

धर्म प्रेमियों के लिए यह अवसर आध्यात्मिक उत्थान और आस्था के प्रतीक के रूप में यादगार बनने वाला है। विक्रम संवत 2050, महाशिवरात्रि के दिन 10 मार्च 1994 को राजपुरोहित कुलभूषण अर्जुन प्रसाद शर्मा की अगुवाई में गौमाता की रक्षा के उद्देश्य से श्री सीताराम नाम संकीर्तन महायज्ञ की ज्योति प्रज्जवलित की गई थी। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी और संतों के आशीर्वाद से प्रारंभ हुए इस महायज्ञ की लौ पिछले 31 वर्षों से अविरल जल रही है। भक्तों की आस्था और समर्पण से यह यज्ञ न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान बना बल्कि समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र भी बन गया है। इस महायज्ञ में संकीर्तन की आहुति समर्पित कर भक्तजन अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

कहा जाता है कि जब यह संकीर्तन महायज्ञ प्रारंभ हुआ, तब से हनुमंतलाल, नर्मदा मैया और शनिदेव स्वयं मूर्तिमान रूप में इस यज्ञ में विराजमान हैं। भक्तों का मानना है कि इस यज्ञ में शामिल होने से सभी विघ्न- बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 31 वर्षों की पूर्णता पर विक्रम संवत 2081, 26 फरवरी से 4 मार्च 2025 तक प्रतिदिन भक्तमाल कथा का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में संतों के जीवन प्रसंगों और भक्ति की महिमा का गुणगान किया जाएगा। यह भक्तिमय कथा प्रतिदिन गोधूलि बेला में शाम 4 बजे से श्री बूढ़ा महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित होगी। कथा का समापन हरि इच्छा पर निर्भर करेगा। यह आयोजन धर्म प्रेमियों के लिए एक दिव्य अवसर होगा, जहां वे संत चरित्रों से प्रेरणा लेकर अपने आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध कर सकते हैं। इस भक्तमाल कथा में प्रतिष्ठित कथा वाचक अपनी वाणी से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

कथा वाचकों में राजेश शास्त्री, अमित शास्त्री, हित आशीष कृष्ण, ध्रुव महाराज, अभिषेक महाराज, श्रीधराचार्य शर्मा और चंद्रभूषण शर्मा प्रमुख हैं। परायणकर्ता के रूप में हेमंत शर्मा अपनी भूमिका निभाएंगे। इस भव्य आयोजन में मां काली शंकर सेवा समिति, श्री सीताराम नाम संकीर्तन महायज्ञ समिति, श्रीराधा माधव गौसेवा समिति, बोल बम कांवरियां यात्रा समिति और समस्त संकीर्तन प्रेमी भक्तजनों का विशेष योगदान है।

इन समितियों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से अपील की है कि वे इस भक्तमाल कथा में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ अर्जित करें और पुण्य के भागी बनें। यह आयोजन न केवल भक्तों के मन में भक्ति की भावना को प्रज्वलित करेगा, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगा।

### खबर संक्षेप

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होते ही उपसरपंच पद के लिए चर्चा शुरू**

**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। वहीं विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद नव-निर्वाचित सरपंच व पंच एक-दूसरे से संपर्क कर उपसरपंच चुनने की चर्चा जोर शोर से शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित पंच तथा सरपंच ग्रामीणों द्वारा अपनी सहमति देकर पंच और सरपंच नियुक्त किया। वहीं क्षेत्र में अब उप सरपंच बनाने की तैयारी में जुट गए हैं साथ ही साथ समर्थक अपने-अपने पंच के पक्ष में एक-दूसरे को साधने की तैयारी तथा उप सरपंच पद के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

# छात्र -छात्राओं ने निकाली नशा मुक्ति जन-जागरुकता अभियान रैली, ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी के स्कूली छात्र छात्राओं ने संपूर्ण नशा मुक्ति अभियान के लिए गांव में निकाली गई। विशाल रैली में स्कूली बच्चों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को जन-जागरूकता करते हुए नशा करना शरीर को बर्बाद करना, बीड़ी तम्बाकू, शराब के नशा छोड़ो परिवार-समाज और धर्म की सेवा करो। जो नशा करेगा उसका शरीर चूर-चूर हो जाएगा, सभी प्रकार के नशे छोड़ो स्वच्छ जीवन अपनाओ नारा व स्लोगन से जन जागरूक किया।

वहीं बताया कि जीव और शरीर में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि जीव अमर है और शरीर नाशवान है, उन्होंने कहा कि शरीर नष्ट तभी होता है जब हम बीड़ी, तम्बाकू व गुटखा तथा शराब पीते हैं तब शरीर नष्ट हो जाते हैं और कई प्रकार की शरीर में बीमारी उत्पन्न हो जाते हैं। जिससे कैंसर, टीवी होती है जिसका इलाज नहीं हो पाता और शरीर पूरी नष्ट हो जाते हैं और जीव शरीर से निकल जाते हैं जो अमर होते हैं, मतलब शरीर से जीव निकल जाते हैं जो किसी को पता नहीं होता इस लिए जीव को अमर कहा जाता है। छात्र छात्राओं ने बताया कि मन दो प्रकार के होते हैं पहले मन भगवान श्रीराम जैसा और दूसरा मन रावण जैसा जिस मनुष्य के अंदर रावण जैसा मन है उसे निकाल कर फेंक दो जैसे नशे बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू व शराब को फेंक दो बहा दो, विसर्जन कर दो, इनके स्थान पर काजू, किशमिश, बादाम, फल-फूल, दूध-दही, मक्खन का सेवन करें। जिस पर स्कूली छात्राओं ने ग्रामीणों को रैली निकालकर जन जागरूक किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री का वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि का हस्तांतरण



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बिहार के भागलपुर से हुए सीधे प्रसारण में कबीरधाम जिले के लगभग 1 लाख 19 हजार से अधिक किसानों के खाते में 19वीं किस्त के तहत 26.12 करोड़ रुपए से अधिक राशि का हस्तांतरण किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वधान में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखण्डों से लगभग 150 किसान शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कृषकों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में जिले के लाभान्वित किसानों को बधाई दी और कहा कि भारत सरकार किसानों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों के हित में लगातार नए कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों का बहुत बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में खुबचंद बघेल अलंकरण से सम्मानित शिवकुमार चंद्रवंशी ने अपने उन्नत कृषि कार्यों के बारे में किसानों को जानकारी दी और अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अमित मोहंती, उपसंचालक कृषि, जिला कबीरधाम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अलावा कृषि विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियों और प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार से जानकारी दी। बीएस परिहार, विषय वस्तु विशेषज्ञ, सस्य विज्ञान ने समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि और उत्पादन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान डॉ एनसी बंजारा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, उद्यानिकी ने उन्नत सब्जी एवं फल उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के विषय में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. महानंद, प्रक्षेत्र प्रबंधक ने किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराकर कृषि विज्ञान केंद्र में स्थापित विभिन्न तकनीकी प्रदर्शन इकाइयों का भ्रमण कराकर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय, सांसद, राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र, अमित मोहंती, उपसंचालक कृषि, कबीरधाम, और जिले के विभिन्न ग्रामों से आए सैकड़ों किसान एवं कृषि विज्ञान केंद्र के इंजीनियर टीएस सोनवानी, बीएस परिहार, डॉ एनसी बंजारा, डॉ महानंद, योगेश कुमार कौशिक, कार्यक्रम सहायक और कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नव-निर्वाचित सरपंच का फूल-माला से किया भव्य स्वागत

■ निर्मलकर समाज के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तृतीय बार ऐतिहासिक जीत ग्राम पंचायत सीतापार जेठूराम निर्मलकर एवं द्वितीय बार ग्राम पंचायत खम्हरिया से नरेन्द्र निर्मलकर के सरपंच निर्वाचित होने पर उनके निज निवास में क्रमशः सौजन्य मुलाकात कर फेरहाराम निर्मलकर, मधुर निर्मलकर, छेदूलाल निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, महेश निर्मलकर एवं कुमार निर्मलकर नव-निर्वाचित सरपंच को श्रीफल, फूल माला से भव्य स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। वहीं जनपद सदस्य उम्मीदवार पुरषोत्तम निर्मलकर के निज निवास में सौजन्य मुलाकात किया गया। संत शिरोमणि गाडगे महाराज के 149वीं जयंती एवं (निर्मल दिवस) के पावन अवसर पर नव-निर्वाचित सरपंच नरेंद्र निर्मलकर निज निवास में नरेंद्र निर्मलकर सरपंच, जलेश्वर निर्मलकर दीवान, कुमार निर्मलकर, परिक्षेत्रीय सचिव, बलदाऊ निर्मलकर, धनीराम निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, बैरागी निर्मलकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, जितेंद्र निर्मलकर एवं नंदू निर्मलकर व्याख्याता द्वारा गाडगे जी महाराज का पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में नंदू निर्मलकर व्याख्याता एवं पुरुषोत्तम निर्मलकर द्वारा संत श्री शिरोमणि गाडगे जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने व आत्मसात करने के लिए अपील किया।

# ग्रापं कुण्डा में मुखिया का ताज हरेंद्र चंद्राकर के सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शहर सहित क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 सम्पन्न हुआ, जिले में दो चरणों में चुनाव हुआ दूसरा चरण में पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न पंचायतों



में जनपद एवं जिला पंचायत का चुनाव प्रशासन ने शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया एवं परिणाम भी तुरंत घोषित किए। वही पंडरिया विकासखण्ड के सबसे ज्यादा 20 वार्डो वाली ग्राम पंचायत कुण्डा में 20 फरवरी को चुनाव हुआ, जिसमें हरेंद्र चंद्राकर को अपने निकटम प्रत्याशी से बड़े अंतरालों से ऐतिहासिक विजयी प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुण्डा में सरपंच के लिए 8 लोगों ने जिसमें पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह सलूजा, दिनेश साहू पूर्व विधायक प्रत्याशी, पप्पू यादव, पूर्व सरपंच प्रत्याशी हरेंद्र चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधुरी साहू व वर्तमान सरपंच महेश्वर साहू, पूर्व सरपंच प्रत्याशी रामकुमार चंद्राकर एवं सुनील साहू ने अपना किस्मत आजमाया।

जिसमें हरेंद्र चंद्राकर को जनता ने समर्थन के साथ श्री चंद्राकर ने अपने प्रतिद्वंदी को 606 मतों से मात देकर ऐतिहासिक जीत का परचम लहराया। वही पांचों जिसमें वार्ड क्रं. 01 में नंदू साहू, वार्ड क्रं. 02 में शकुंतला लवलेश साहू, वार्ड क्रं. 03 में मामू साहू, वार्ड क्रं. 04 में राजू साहू, वार्ड क्रं. 05 में रुखसाना बेगम, वार्ड क्रं. 06 यशवंत चंद्राकर, वार्ड क्रं. 07 में वागीश चंद्राकर, वार्ड क्रं. 08 में मुमताज अहमद, वार्ड क्रं. 09 में भूपेंद्र चंद्राकर, वार्ड क्रं.10 कल्याणी मनीष सोनवानी, वार्ड क्रं.11 कृष्णा बंजारे, वार्ड क्रं.12 कांति आनंद परवाना, वार्ड क्रं.13 मनोज भास्कर, वार्ड क्रं. 14 चैतन्य सोनी, वार्ड क्रं.15 गणेश सोलंकी, वार्ड क्रं.16 गायत्री पन्ना साहू, वार्ड क्रं.17 से गंगोत्री भागवत साहू, वार्ड क्रं.18 से रमेश सारथी, वार्ड क्रं.19 से सकीना मुमताज अहमद तथा वार्ड क्रं. 20 से रमेश गुड्डू साहू ने जीत हासिल की। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है।

### ग्राम देव ठाकुरदेव भगवान की मंदिर निर्माण मेरा प्रथम प्राथमिकता: श्री चंद्राकर

नव-निर्वाचित सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा कुण्डा के ग्राम देव ठाकुरदेव महाराज की मंदिर निर्माण एवं सौंदर्यीकरण मेरा प्रथम प्राथमिकता रहेगा, स्वच्छ भारत के तहत कुण्डा को स्वच्छ ग्राम बनाने नाली साफ-सफाई, पानी निकासी के लिए नाली निर्माण, सीसी रोड, शिव तालाब सौंदर्यीकरण पत्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं पेंशन उपलब्ध कराना मेरा लक्ष्य होगा।

पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर

0771-4050006, 8103128515

डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO

डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### // नाम परिवर्तन //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै लेखचन्द (LEKHACHAND) आत्मज श्री कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) निवासी मकान नं. 36/1 वार्ड नं. 02 ग्राम बहरबोड़ पो. कुंवा, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) 491337 ने मेरा पुराना नाम लेखचन्द ( LEKHACHAND) आत्मज श्री कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) बदल दिया है, यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम त्यागकर नया नाम लेखचन्द खाण्ड़े (LEKHCHAND KHANDE) आत्मज श्री कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) रखा लिया है, इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम यानी लेखचन्द खाण्ड़े (LEKHCHAND KHANDE) आत्मज श्री कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) से पहचाना जाना चाहिए।

**लेखचन्द खाण्ड़े ( LEKHCHAND KHANDE) मकान नं. 36/1 वार्ड नं.02 ग्राम बहरबोड़, पो. कुंवा, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) 491337**

### // नाम परिवर्तन //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै कुशल (KUSHAL) आत्मज श्री चंदर खाण्ड़े (CHANDAR KHANDE) निवासी मकान नं. 36/1 वार्ड नं. 02 ग्राम बहरबोड़ पो. कुंआ, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) 491337 ने मेरा पुराना नाम कुशल (KUSHAL) आत्मज श्री चंदर खाण्ड़े (CHANDAR KHANDE) बदल दिया है, यह शपथ करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम त्यागकर नया नाम कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) आत्मज श्री चंदर खाण्ड़े (CHANDAR KHANDE) रखा लिया है, इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम यानी कुशलदास खाण्ड़े (KUSHALDAS KHANDE) आत्मज श्री चंदर खाण्ड़े (CHANDAR KHANDE) से पहचाना जाना चाहिए।

**कुशलदास खाण्ड़े ( KUSHALDAS KHANDE) मकान नं. 36/1 वार्ड नं.02 ग्राम बहरबोड़, पो. कुंवा, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) 491337**

**हादसा:** घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नेशनल हाईवे में किया चक्काजाम

# धान से भरे ट्रक की चपेट में आई बाइक, मौके पर एक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने वाले नगर के मिनी माता चौक से लेकर नवीन पुलिस लाईन ईलाके से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में सोमवार की सुबह करीब 10.00 बजे एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिली।

जहां धान परिवहन कार्य में लगे एक ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार दो लोगों को कुचल दिया। इस सड़क हादसे में जहां एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनो तथा क्षेत्र के लोगों ने भारी आक्रोश व्यक्त करते हुए नेशनल हाईवे जाम कर दिया और मृतक के परिजनो को 50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने, मार्ग में संचालित शराब दुकान को हटाए जाने तथा आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग करने लगे। बाद में जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाईश दिया और उनकी मांगों का शासन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। तब कहीं जाकर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और उन्होने चक्काजाम समाप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 10.00 बजे विजय मल्लाह नाम का युवक अपने एक साथी के साथ मोटर सायकल में सवार होकर मछली मारने जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान ट्रांसपोर्ट नगर के पास उन्हें धान से लदे एक ट्रक ने अपनी चपेट में लेकर कुचल दिया।

जिससे विजय मल्लाह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ गई। घटना स्थल से कुछ दूर पर ही निवासरत मृत के परिजन भी घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन्होने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हाईवे में चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनो द्वारा पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने, मार्ग में संचालित शराब दुकान को हटाए जाने तथा आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की जा रही है। घटना के मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे लोगों को समझाईश दी और मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम किया।

## मार्ग में संचालित शराब दुकान बन रही दुर्घटना का कारण



क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि मिनीमाता चौक और नवीन पुलिस लाईन के बीच नेशनल हाईवे में संचालित शराब दुकान लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। उन्होने बताया कि यहां शराब दुकान संचालित होने के कारण सुबह से लेकर देररात तक लोगों और वाहनों की भारी भीड़ रहती है। जिसके चलते आए दिन छोटे बड़े हादसे होते ही रहते हैं। लोगों ने बताया कि इससे पूर्व ही इस क्षेत्र में पहले भी कई बड़े हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। लेकिन लगातार की मांग के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा इस शराब दुकान को यहां से नहीं हटाया जा रहा है।

# कांग्रेस के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के समर्थक भी बैठे धरने पर

- कांग्रेस समर्थकों पर शासन-प्रशासन की छबि धूमिल करने तथा भ्रम फैलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मतगणना के बाद से विवादों में घिरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की सीट में अभी तक जहां जिला कांग्रेस कमेटी अपनी अधिकृत प्रत्याशी जगनी कामु बैगा निवासी ग्राम केमा तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रही थी वहीं अब भाजपा के समर्थकों ने भी पार्टी अधिकृत प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

इस संबंध में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के निर्वाचन अभिकर्ता रहे विदेशी राम धुर्वे ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 6 का निर्वाचन व मतगणना सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न किया गया है। लेकिन कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी द्वारा मतगणना पश्चात एजेंटों के माध्यम से प्राप्त गणना पत्रक के आधार पर रात्रि में ही गलत ढंग से आकड़ा सोशल मिडिया में वॉयरल कर लोगों के बीच अपनी जीत की झूठी अफवाह फैलाना प्रारंभ कर दिया गया था।

श्री धुर्वे ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा कभी अपने आप को 1612 वोट से, कभी 1200 वोट से तो कभी 800 तो कभी 100 से अधिक वोट से जीत प्रचारित की जाती रही। इसी कड़ी में जब 22 फरवरी को रिटर्निंग आफिसर (पंचायत) जनपद पंचायत बोड़ला द्वारा सरणीकरण हेतु प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं को कस्तूरबा विद्यालय में बुलाया गया था।

जिसमें सभी 47 मतदान केन्द्रों में अभ्यार्थियों को प्राप्त मतों का सरणीकरण किया गया जिसमें ललिता रूप सिंह धुर्वे को कुल 12218 व जगनी कामू बैगा को 12142, रमौलिन राजकुमार चेचान को 2924 व सुभौतिन मरकान को 3513 मत तथा कुल डाले गए मतों की संख्या 332559, खारिज मतो की संख्या 2464 कुल विधिमान्य मतों की संख्या 30795 बताया गया।

इस समय पर अभ्यार्थी जगनी कामू बैगा के अभिकर्ता कामू बैगा उपस्थित थे एवं ललिता रूप सिंह धुर्वे के अभिकर्ता स्वयं विदेशी राम धुर्वे उपस्थित थे। श्री धुर्वे ने बताया कि दोनो ही अभिकर्ताओं ने रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतों के आंकड़ों से संतुष्ट होकर गणना पत्रक में हस्ताक्षर किए तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी कबीरधाम द्वारा सरणीकरण कर 23 फरवरी को निर्वाचन प्रमाण पत्र देने की बात कही गई।

जिसमें समय प्रात 10.30 बजे उपस्थित होने का आग्रह भी किया गया। परंतु 23 फरवरी को अचानक जगनी कानू बैगा द्वारा जिला कार्यालय कबीरधान के मुख्य द्वार पर धरना में बैठकर लोगों के बीच अपनी जीत का भ्रम फैलाया जा रहा है जिससे शासन प्रशासन की बदनामी हो रही है। भाजपा समर्थकों ने इसका विरोध करते हुए मांग की है कि शासन-प्रशासन की छबि धूमिल करने तथा लोगों के बीच भ्रम फैलाकर अशांति उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

## खबर संक्षेप

### कवर्धा में दिव्य चमत्कारी दरबार 1 से 3 मार्च तक



**कवर्धा।** विश्व प्रसिद्ध त्रिकालदर्शी पंडित विनोद दुबे जबलपुर वाले का दिव्य चमत्कारी दरबार का आयोजन धर्म नगरी कवर्धा में किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजन समिति के कमलेश तिवारी तथा डमरू महाराज ने बताया कि दरबार का आयोजन 1 मार्च से 3 मार्च तक सुबह 10.00 बजे से स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में किया जाएगा। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की जोरदार तैयारियां की जा रही है। आयोजकों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य चमत्कारी दरबार का लाभ लेने का आव्हान किया है।

### तेज रफ्तार ट्रक पेड़ से टकराया, दो घायल

**कवर्धा।** चिल्फी में नेशनल हाइवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा कर पलट गया। हादसे में ड्राइवर और हेल्पर घायल हो गए हैं। घटना रविवार दोपहर 12 बजे की है। सूचना मिलने पर चिल्फी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहां ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटा मिला। ट्रक एक पेड़ से टकरा गया था। इस संबंध में चिल्फी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में ड्राइवर देवेंद्र यादव और हेल्पर अमित कश्यप केबिन में फंसे थे। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और तुरंत डॉयल 112 वाहन से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिल्फी पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# 20 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## नहीं लग पा रही निर्माण कार्यो के भ्रष्टाचार पर लगाम



- नगरवासियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

संबंधित विभागीय अधिकारी, ठेकेदार और जनप्रतिनिधियों ने विकास एवं निर्माण कार्यो की आढ़ में अपने विकास का जो सिलसिला कांग्रेस शासनकाल में शुरू किया था वह भाजपा शासनकाल में भी बदस्तूर जारी है। जिस पर शासन-प्रशासन की कोई लगाम नहीं दिखाई दे रही है।

आलम ये है कि लोगों की मांग व सुविधाओं के नाम पर शासन द्वारा स्वीकृत किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार कर सरकार की साख पर जमकर पतीला लगाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत बोड़ला से सामने आया है। ये पूरा मामला नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड क्रमांक 14 का है। जहां शासन ने स्थानीय वार्डवासियों की मांग व समस्या को देखते हुए करीब 20 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी। लेकिन स्थानीय वार्डवासियों का आरोप है कि सीसी रोड़ निर्माण में संबंधित ठेकेदार, विभागीय अधिकारी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा मिलीभगत कर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है।

जिसके चलते एक सीसी रोड निर्माण के बाद से उखड़ने लगा है और जर्जर होता दिखाई दे रहा है। वार्डवासियों को यह भी आरोप है कि सीसी रोड़ निर्माण का ठेका किसी के नाम पर है और कार्य नगर के जनप्रतिनिधि कर रहे है और उनके द्वारा नगर पंचायत के संसाधनों का भी जमकर उपयोग किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा बगैर किसी हिसाब किताब के यहां पानी के टेंकर पहुंचाए जा रहे हैं।

जिसका कोई हिसाब किताब नहीं है। इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत बोड़ला का कहना है कि जितने भी टेंकर पानी पहुंचाया गया है उसकी बाद में पर्ची काटी जाएगी जबकि वास्तविकता ये है कि नगर पंचायत के किसी भी कर्मचारी के पास इस बात का कोई हिसाब ही नहीं है कि अभी तक सड़क निर्माण के लिए नगर पंचायत से कितने टेंकर पानी की आपूर्ति की गई है।

इसी प्रकार नगर पंचायत के इंजीनियर भी इस बात की सुध नहीं ले रहे हैं कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता कैसी है। कुल मिलाकर इस निर्माण कार्य में खुलेआम जमकर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। जिसका जांच की मांग वार्डवासियों ने शासन-प्रशासन से की है।

# तालाब किनारे गौठान होने से दूषित हो रहा तालाब का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह में तालाब किनारे गौठान संचालित होने से तालाब का पानी दूषित व लोगों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रही है।

वहीं ग्रामीण जन निस्तारी के लिए तालाब का ही उपयोग करते है। वहीं तालाब किनारे गौठान संचालित होने से मवेशी के गौमूत्र और गोबर तालाब में मिश्रण हो रहा है, जिनके कारण से तालाब दूषित तथा ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रही है। साथ ही साथ रहवासियो को खाद-खुजली व चर्म रोग होने की संभावना बनी हुई है, जिनके कारण तालाब के पूरे पानी दूषित हो चुके हैं। जिस पर ग्रामीणों ने गौठान की सुचारू रूप से व्यवस्था तथा मवेशियों के लिए गौठन की व्यवस्था की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# विश्व चिंतन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गत 22 फरवरी को स्काउट-गाइड के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के जन्मदिन के अवसर पर सम्पूर्ण विश्व में वर्ल्ड थिंकिंग डे अर्थात विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इसी कड़ी में नगर के भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, अशोका पब्लिक स्कूल एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के संयुक्त तत्वधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में किया गया।

प्रार्थना सभा में मुख्य रूप से अशोका पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, गाइड केप्टिन विंध्या ठाकुर, स्काउटर-गाइडर, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर उपस्थित थे।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाने में किसानों से गन्ना खरीदा जाएगा 26 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) द्वारा यह सूचना जारी की गई है कि पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 26 फरवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की गई है। कारखाने के गन्ना विभाग ने संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदान कर दी है। जिन गन्ना उत्पादक कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें तुरंत भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा के गन्ना विभाग या अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क करके गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त करने की सलाह दी गई है। भोरमदेव शक्कर कारखाना के एमडी ने बताया कि जिन गन्ना उत्पादक कृषकों ने अपना शेष गन्ना जूस, बीज या गुड़ निर्माण हेतु सुरक्षित रखा है और वह गन्ना शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते, उन्हें गन्ना विभाग को लिखित रूप से सूचित करने का अनुरोध किया गया है। एमडी द्वारा सभी गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील है कि वे अपना शेष गन्ना 26 फरवरी 2025 को रात्रि 12 बजे तक कारखाना परिसर में पहुंचाकर सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक गन्ना शक्कर कारखाना में नहीं पहुंचाने पर, भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा किसी भी प्रकार के क्षतिपूर्ति या दावा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**जिला पंचायत सीईओ त्रिपाठी ने संबंधितों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश**

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर, बिहान योजना की समीक्षा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) के तहत ग्रामीण महिलाओं को आजीविका संवर्धन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी लाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने दिए हैं। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जाए।

सीईओ श्री त्रिपाठी ने बैंक लिंकेज प्रक्रिया में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित करने योग्य बनाया जाए। इसके लिए सर्वे कार्य समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। जिसकी कार्य योजना भी तैयार की जा रही है।

## व्यावसायिक गतिविधियों को दिया जाएगा बढ़ावा

जिला पंचायत सीईओ श्री त्रिपाठी ने बैठक में विकासखंड समन्वयकों, क्षेत्रीय समन्वयकों और पीआरपी सदस्यों को निर्देशित किया गया कि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा जाए। स्व-सहायता समूहों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्माण, बेहतर पैकेजिंग और बाजार उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रेरित किया गया। मौसमी व्यवसायों को बढ़ावा देने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

## महत्वपूर्ण लक्ष्यों के लिए समय-सीमा तय

जिला पंचायत सीईओ श्री त्रिपाठी ने बैठक के दौरान बिहान योजना के तहत चल रहे कार्यों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। विभिन्न ब्लॉकों को परिवार समावेशन, लोकोस प्रोफाइल एंट्री, सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) कट-ऑफ और मॉडल सीएलएफ रिपोर्टिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

# कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण की तबियत बिगड़ी, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

- कलेक्टर ने ली सुध, अस्पताल में ग्रामीण का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 की मतगणना के दौरान अनियमितता बरतने व मतों की गणना में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए बीते दो दिनो से लगातार जिला कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बताया जाता है कि इसी दौरान गत रविवार को धरना प्रदर्शन में शामिल एक कांग्रेसी कार्यकर्ता बीमार हो गया जिसे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण की तबीयत बिगडने की सूचना मिलते ही तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे और उनका हालचाल जाना। कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीण को तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया,



जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। एमडी मेडिसिन चिकित्सक ने बताया कि भर्ती मरीज की स्थिति अब नियंत्रण में है। मरीज का नाम सुकाल सिंह आयु 40 वर्ष ग्राम राली चितापुर निवासी बताया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान उन्हें चक्कर आया और वे अचानक जमीन पर गिर गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने चिकित्सकों को सुकाल सिंह का समुचित उपचार करने और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन कराने के निर्देश दिए। डॉक्टरों ने उनका बीपी, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें कीं और प्राथमिक उपचार दिया। इसके साथ ही, कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर प्रदर्शन स्थल पर ही सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने भर्ती मरीज को आराम देने के लिए उनके सहयोगियों से एकांत में छोड़ने का आग्रह भी किया।